www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173
सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 फर्जी मतदाताओं से मुक्ति आवश्यक, बिहार में चुनाव से पहले राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया
जुआ खेलते 5 लोग पकड़े गए 04

वर्ष :09 अंक :33 मुंबई , गुरुवार , 24 जुलाई 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरी में लगी आग, लाखों का नुकसान

बाराबंकी जिले के उमरा औद्योगिक इलाके में स्थित प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली फैक्टरी में बुधवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कुर्सी थाना इलाके के उमरा औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक का सामान बनाने वाली फैक्टरी में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गयी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया तथा कई घंटों की मशक्कत के बावजूद आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि इसने कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्टरी प्रबंधन ने तुरंत अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बेकाबू होती गई। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई।

## चरस तस्करी के जुर्म में व्यक्ति को 10 साल का कठोर कारावास

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के एक व्यक्ति को चरस तस्करी के मामले में 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना 2023 की है। न्यायाधीश मोहित बंसल ने चंबा जिले के शुक्रा गांव के भगत राम के बेटे दिनेश कुमार को दोषी ठहराया और 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया। उन्होंने कहा कि यदि जुमार्ना अदा नहीं किया गया तो आरोपी को एक वर्ष और जेल में रहना होगा। अधिकारी के अनुसार मामला 11 अप्रैल 2023 का है। सदर पुलिस थाने के अधिकारियों की एक टीम लखनपुर में वाहनों की नियमित जांच कर रही थी। दोपहर करीब ढाई बजे उन्होंने बिलासपुर से आ रही एक सफेद कार को रुकने का इशारा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब कार के कागजात दिखाने के लिए चालक को कहा, तो वह घबरा गया और स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। उन्होंने कहा कि इस पर पुलिस को शक हुआ और उसने तीन लोगों की मौजूदगी में कार की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी पर पुलिस को चालक की सीट के नीचे एक हरे रंग का बैग मिला, जिसमें टेप से बंधे प्लास्टिक के तीन पैकेट रखे थे। उन्होंने बताया कि तीनों पैकेट में से 1.986 किलोग्राम चरस बरामद किया गया। इसके बाद सदर पुलिस ने स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# मानसून सत्र के तीसरे दिन भी जारी रहा हंगामा, लोकसभा में राष्ट्रीय खेल शासन बिल पेश

### ऑपरेशन सिंदूर-लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा:दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस

**हंगामा**

**इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने भी बुधवार को संसद के बाहर बिहार के एसआईआर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत चर्चा 29 जुलाई को राज्यसभा में निर्धारित की गई है, जिसके लिए 16 घंटे का समय आवंटित किया गया है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार नारेबाजी के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने भी बुधवार को संसद के बाहर बिहार के एसआईआर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत चर्चा 29 जुलाई को राज्यसभा में निर्धारित की गई है, जिसके लिए 16 घंटे का समय आवंटित किया गया है। लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को भी सदन में हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में बुधवार को सरकार ने एक विधेयक पेश किया जिसके प्रावधानों के दायरे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी आएगा तथा इसमें भले ही बीसीसीआई की स्वायत्तता को बरकरार रखा गया है किंतु उससे जुड़े विवादों का निस्तारण राष्ट्रीय पंचाट के जरिये करवाने का प्रस्ताव है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इन प्रावधानों वाला सदन में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 पेश किया।



### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सांसदों से कहा, आप सड़कों का आचरण संसद में कर रहे हैं



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने वाले सांसदों पर निर्णायक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए बुधवार को नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे सड़कों का आचरण संसद के भीतर कर रहे हैं, जबकि वो माननीय हैं और उनका व्यवहार माननीय जैसा ही होना चाहिए। विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को भी लोकसभा में हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई।

### विपक्षी दलों के सांसदों ने काली कमीज पहनकर और काली पट्टी बांधकर संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कई सांसदों ने काली कमीज पहन रखी थी, तो कई ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को राज्यसभा की बैठक शुरू होने के कुछ ही देर बाद दोपहर बारह बजे तक स्थगित कर दी गई।**

# कुछ न कुछ तो दाल में काला है...

### ट्रंप के दावे को लेकर राहुल गांधी ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

**ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत 7 मई को हुई थी और इस ऑपरेशन को 10 मई को रोक दिया गया था। इस ऑपरेशन के दौरान भारत की वायु सेना ने जो क्षमता दिखाया था उसकी स्टडी दुनियाभर के देश कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था।**

एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने के दावों पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर से सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आप कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और एक तरफ आप कहते हैं कि हम जीत गए हैं। एक तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने 25 बार कहा कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया है। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि 'कुछ न कुछ तो दाल में काला है ना'... किसी देश ने हमारी विदेश नीति का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमारी विदेश नीति की धज्जियां उड़ा दीं। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री बयान कैसे दे सकते हैं? क्या वह कहेंगे कि संघर्ष विराम ट्रंप ने कराया? नहीं, वह ऐसा नहीं कहेंगे। यह हकीकत है कि ट्रंप ने संघर्ष विराम कराया है... यह सिर्फ संघर्ष विराम की बात नहीं है, हम रक्षा उद्योग, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करना चाहते हैं... प्रधानमंत्री एक भी बयान नहीं दे पा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप 25 बार कह चुके हैं कि उन्होंने संघर्ष विराम कराया। ट्रंप ऐसा करने वाले कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री ने एक बार भी जवाब नहीं दिया... यह सच्चाई है, आप इससे भाग नहीं सकते। आपको बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत 7 मई को हुई थी और इस ऑपरेशन को 10 मई को रोक दिया गया था। इस ऑपरेशन के दौरान भारत की वायु सेना ने जो क्षमता दिखाया था उसकी स्टडी दुनियाभर के देश कर रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। जिसको लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गाहे बगाहे क्रेडिट लेने के लिए चले आते हैं। हालांकि भारत की तरफ से लगातार इसका खंडन भी किया जाता रहा है। लेकिन ट्रंप कहा मानने वाले हैं। उन्होंने एक बार फिस से सीजफायर की बात दोहराई। इसके साथ ही एक और बड़ा दावा करते हुए कह दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के दौरान पांच लड़ाकू विमान गिराए गए। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि किस देश के लड़ाकू विमान गिरे हैं। ट्रंप के बयान के बाद देश में राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस और राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राफेल के गिरने को लेकर सरकार से सवाल पूछते आए हैं।



# स्वच्छता में गोरखपुर का मान बढ़ाने वाले सफाई मित्रों और पार्षदों को सीएम योगी ने किया सम्मानित

### अब गोरखपुर को देश के टॉप-थ्री स्वच्छ शहरों में शामिल करने का रखें लक्ष्य : सीएम योगी

**253 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास. नगर निगम में अर्बन फ्लड मैनेजमेंट सेल का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण. विकास कार्यों में गुणवत्ता से न हो कोई समझौता : मुख्यमंत्री**

एजेंसी

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों में नागरिकों के सकारात्मक रुख और सहयोग की सराहना करने के साथ कहा है कि विकास में लगने वाला पैसा जनता जनार्दन के टैक्स का है। इस पैसे का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होना चाहिए। विकास कार्यों में क्वालिटी (गुणवत्ता) से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विकास के लिए जनता के पैसे का सही उपयोग हो, यह हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर नगर निगम परिसर में स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दिलाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों के सम्मान और 253 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।



# अरे जानते हो, बच्चा न हो...

### विधानसभा में तेजस्वी यादव पर क्यों बरस पड़े नीतीश कुमार

**विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पुनरीक्षण फॉर्म के लिए 11 दस्तावेजों की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए पूछा कि गरीब लोग इतने सारे दस्तावेज कैसे जुटा पाएँगे। जवाब में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए और तेजस्वी को उनके माता-पिता के कार्यकाल की याद दिलाते हुए उन्हें बच्चा कह दिया।**

एजेंसी

बिहार विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच तीखी बहस हुई, जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर तनाव पैदा हो गया, जहाँ तेजस्वी ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जबकि नीतीश ने सरकार के रिकॉर्ड का बचाव किया। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पुनरीक्षण फॉर्म के लिए 11 दस्तावेजों की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए पूछा कि गरीब लोग इतने सारे दस्तावेज कैसे जुटा पाएँगे। जवाब में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए और तेजस्वी को उनके माता-पिता के कार्यकाल की याद दिलाते हुए उन्हें बच्चा कह दिया। तेजस्वी के आरोपों से नाराज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें उनके माता-पिता के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा, ₹आप क्या बात कर रहे हैं? आप ऐसा क्यों बोल रहे हैं? जब आप छोटे थे, तब आपके माता-पिता मुख्यमंत्री थे। क्या आपको उस समय की स्थिति पता है? हमने आपको (महागठबंधन) इसलिए छोड़ दिया क्योंकि आप अच्छा काम नहीं कर रहे थे। इस साल चुनाव आ रहे हैं, और लोग सोचेंगे कि क्या करना है। हमारी सरकार ने बहुत काम किया है। ये लोग चुनाव के लिए कुछ भी कहते हैं।



# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में आग

### पायलट ने मेडे कॉल भेजा; कल एअर इंडिया के विमान में आग लगी थी

**दिल्ली-कोलकाता फ्लाइट में तकनीकी खराबी, फ्लाइट रोकी**

**इससे पहले मंगलवार को ही दिल्ली से कोलकाता जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट अक2403 में तकनीकी खराबी आ गई थी। खबर मिलने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से प्लेन को उड़ान भरने से रोक दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन 160 यात्रियों को लेकर रनवे पर था और उड़ने ही वाला था। तभी खराबी का पता चला।**

एजेंसी

अहमदाबाद , फ्लाइट में 60 पैसेंजर थे। विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, तभी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इमरजेंसी मेडे कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।





# जनसुराज के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

### प्रशांत किशोर ने साधा सरकार पर निशाना

**प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार मिलने से इनकार कर रही है, और जब तक सरकार का कोई प्रतिनिधि हमसे नहीं मिलता, हम यहीं बैठे रहेंगे। लड़ाई अभी शुरू हुई है। अभी तीन महीने बाकी हैं। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और भ्रष्टाचारियों को हटाना चाहती है।**

एजेंसी

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में हजारों समर्थकों पर बुधवार को बिहार की राजधानी में पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग किया गया, जब वे नीतीश कुमार सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने के लिए विधानसभा मार्च करने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से जनता का यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को देना चाहते हैं कि पिछले 2 सालों में उन्होंने 94 लाख परिवारों को 2 लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी परिवार को एक भी रुपया नहीं मिला। प्रशांत किशोर ने कहा कि सरकार मिलने से इनकार कर रही है, और जब तक सरकार का कोई प्रतिनिधि हमसे नहीं मिलता, हम यहीं बैठे रहेंगे। लड़ाई अभी शुरू हुई है। अभी तीन महीने बाकी हैं। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और भ्रष्टाचारियों को हटाना चाहती है। वे विधानसभा में और पुलिस के पीछे नहीं छिप सकते। हम उन्हें ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। हम बिहार के सीएम नीतीश कुमार को उनके घर में घेर लेंगे, और पुलिस कुछ नहीं कर पाएगी।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 2 ब्रिटिश परिवार को गलत शव मिले

### आरोप- डीएनए परिजन से मेल नहीं खा रहा; भारत बोला- हम जांच कर रहे

**एअर इंडिया पर पहले मुआवजा बचाने का आरोप लगा था**

**इससे पहले ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने आरोप लगाए थे कि एअर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एअर इंडिया ने आरोपों को नकार दिया था। स्टीवर्ट्स ने कहा था, एअर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर लगभग 1,050 करोड़ रुपए बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं, उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं।**

एजेंसी

अहमदाबाद , ब्रिटेन में अहमदाबाद प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा। ब्रिटेन के न्यूज पेपर डेली मेल की एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है।



आरोप **भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों को किया जा रहा अपमानित**

# टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों का अपमान किया जा रहा है। दिल्ली में बोलते हुए, बनर्जी ने दावा किया कि बंगालियों को प्रताड़ित किया जा रहा है और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात के कुछ लोग देश पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। उन्होंने बंगालियों के ऐतिहासिक योगदान पर जोर देते हुए कहा कि गुजरातियों के विपरीत, बंगाली आजादी की लड़ाई में सबसे आगे थे। बनर्जी ने एएनआई से कहा कि हमने नारे लगाए हैं कि पूरे भारत में भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों का अपमान किया जा रहा है। वे बंगालियों पर अत्याचार कर रहे हैं। वे बंगालियों को उठाकर बांग्लादेश वापस भेज रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात के कुछ लोग देश पर अपना दबदबा बनाएंगे? बंगाली हमेशा सबसे आगे रहे हैं। आजादी की लड़ाई में बंगाली थे, उस समय गुजराती नहीं थे। इस बीच, बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित कई मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के लगातार विरोध के बीच, बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही फिर से शुरू होने के तुरंत बाद दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही फिर से शुरू होने के तुरंत बाद, विपक्षी सदस्यों द्वारा बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने के बाद राज्यसभा को एक मिनट के भीतर स्थगित कर दिया गया। हालांकि, विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे और नारेबाजी के बीच लोकसभा ने कुछ मिनट के लिए अपनी कार्यवाही रोक दी। इस दौरान, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में 'राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025' पेश किया। इससे पहले दिन में, दोनों सदनों को इसी तरह के व्यवधानों के कारण बैठक शुरू होने के कुछ ही देर बाद स्थगित कर दिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी थी क्योंकि विपक्षी सदस्य बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया सहित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए थे। सदन के वेल में तख्तियों के इस्तेमाल पर आपत्ति जताते हुए, अध्यक्ष ने कहा, ₹देश आपके व्यवहार और आचरण को देख रहा है। मुझे बैनर लाने वाले सदस्यों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।





**बनर्जी ने एएनआई से कहा कि हमने नारे लगाए हैं कि पूरे भारत में भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों का अपमान किया जा रहा है। वे बंगालियों पर अत्याचार कर रहे हैं। वे बंगालियों को उठाकर बांग्लादेश वापस भेज रहे हैं।**

# सपा की नजर में संविधान का कोई सम्मान नहीं : उपमुख्यमंत्री



**मुस्लिम समुदाय के प्रति सपा के रुख के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि यह सपा की लंबे समय से चली आ रही तुष्टिकरण की रणनीति का हिस्सा है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध काम करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि विपक्षी दल को संविधान की कोई परवाह नहीं है। पाठक ने संसद के पास स्थित एक मस्जिद में सपा सांसदों की बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया और कहा, समाजवादी पार्टी का संविधान से कोई लेना-देना नहीं है। सपा नेता बार-बार जनता के सामने नमाजवादी बनकर सांप्रदायिक राजनीति करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा, सपा वही पार्टी है जिसने अयोध्या में निहत्थे राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं और सरयू (नदी) को खून से लाल कर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति की जड़ों को लगातार चोट पहुंचाने की कोशिश की है मगर सफल नहीं हो सके। पाठक ने दावा किया कि राज्य की जनता ऐसी राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने सपा के सत्ता में लौटने की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, सपा तुष्टीकरण के चाहे कितने भी हथकंडे अपना ले मगर सत्ता में उसकी वापसी असंभव है। जैसा कि हम हमेशा कहते आए हैं कि जो भगवान राम के साथ खड़ा नहीं हो सकता, वह भगवान कृष्ण के साथ भी नहीं खड़ा हो सकता ।

## सम्पादकीय

# सवालों भरा धनखड़ का इस्तीफा, मानसून सत्र के पहले दिन ही क्यों छोड़ दिया पद?

उपराष्ट्रपति ने एक ऐसे समय त्यागपत्र दिया है जब भाजपा अपना नया अध्यक्ष चुनने के लिए माथापच्ची कर रही है। अब भाजपा को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी तलाश करना होगा। स्पष्ट है कि जगदीप धनखड़ ने भाजपा का काम बढ़ा दिया। यह भी ध्यान रहे कि उनका त्यागपत्र प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा के ठीक पहले आया और संसद के इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा भी होनी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक त्यागपत्र देने से जो अनेक प्रश्न उठे हैं, वे सही ही हैं और उनके उत्तर भी मिलने चाहिए, लेकिन कहना कठिन है कि उत्तर मिलेंगे या नहीं? उपराष्ट्रपति ने जिस तरह यकायक बिना कोई संकेत दिए मानसून सत्र के पहले दिन अपना पद छोड़ दिया, वह इसलिए और अधिक चकित करने वाला है, क्योंकि दिन में वे सदन में सक्रिय थे और रात को उन्होंने यह कहते हुए त्यागपत्र दे दिया कि स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ रहा है।किसी के स्वास्थ्य के मामले में अटकलबाजी नहीं की जानी चाहिए, लेकिन उपराष्ट्रपति की बात आसानी से हजम नहीं हो रही है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उनके और सरकार के बीच किसी मुद्दे पर मतभेद हुए और फिर वे इतने अधिक बढ़े कि उन्होंने आनन-फानन त्यागपत्र देना ठीक समझा। उपराष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों को ऐसा करने से बचना चाहिए। जगदीप धनखड़ तो बड़े तेजतर्रार और बेबाक नेता हैं।वे किसी भी मुद्दे पर कुछ भी कहने से संकोच नहीं करते हैं। पिछले कुछ समय से तो वे विभिन्न मुद्दों पर काफी तीखे बयान दे रहे थे-और तो और सुप्रीम कोर्ट को भी निशाने पर ले रहे थे। चूंकि वे वकील भी रहे हैं, इसलिए उनकी कानूनी एवं संवैधानिक समझ पर सवाल भी नहीं उठाया जा सकता। वे केवल कानूनी एवं संवैधानिक मामलों में ही नहीं, बल्कि अन्य अनेक विषयों पर भी खुलकर बोलने के लिए जाने जाते हैं।जब वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे तो उनकी मुख्यमंत्री ममता से ठन गई थी और राज्यसभा के सभापति रहते कई विपक्षी नेताओं से। विपक्ष और उनके बीच तकरार इतनी अधिक बढ़ी कि कांग्रेस तो उनके खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रही थी। कुछ अन्य विपक्षी दलों को भी उनका रवैया रास नहीं आ रहा था। उनके रवैये को लेकर सदन से बाहर भी सवाल उठाए जाते रहे।उपराष्ट्रपति ने एक ऐसे समय त्यागपत्र दिया है जब भाजपा अपना नया अध्यक्ष चुनने के लिए माथापच्ची कर रही है। अब भाजपा को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी तलाश करना होगा। स्पष्ट है कि जगदीप धनखड़ ने भाजपा का काम बढ़ा दिया। यह भी ध्यान रहे कि उनका त्यागपत्र प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा के ठीक पहले आया और संसद के इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा भी होनी है।

## आज का विचार







**मेष राशि:** करियर: परोपकार में मन लगेगा, लेकिन खुद का काम प्रभावित हो सकता है. बिजनेस: विरोधियों से सावधान रहें, रुकावटें आ सकती हैं. धन: पुराना लेनदेन समय पर न चुकाने पर परेशानी होगी. शिक्षा: ध्यान बंट सकता है, फोकस बनाए रखें. लव/ पारिवारिक: जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी. उपाय: हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाएं.

**वृषभ राशि:** करियर: कार्यस्थल का माहौल सहयोगात्मक रहेगा. बिजनेस: मेहमानों के आगमन से वातावरण प्रसन्न रहेगा. धन: खर्चों पर नियंत्रण रहेगा. शिक्षा: स्वास्थ्य में सुधार के साथ पढ़ाई में ध्यान लगेगा. लव/पारिवारिक: वैवाहिक जीवन मधुर रहेगा. उपाय: लक्ष्मी जी को कमल का फूल अर्पित करें.

मिथुन राशि: करियर: कार्यभार बढ़ेगा, व्यस्तता रहेगी. बिजनेस: संपत्ति से जुड़े मामलों में सतर्कता रखें. धन: धन आगमन के योग हैं, लेकिन खर्च भी रहेंगे. शिक्षा: ध्यान बंट सकता है, मेहनत से सफलता मिलेगी. लव/पारिवारिक: जीवनसाथी नाराज हो सकता है. उपाय: दुर्गा सप्तशती का पाठ करें.

**कर्क राशि :** करियर: आर्थिक रूप से दिन बेहतर रहेगा. बिजनेस: सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा. धन: अचानक लाभ संभव है. शिक्षा: पारिवारिक निर्णयों में भावुकता से बचें. लव/पारिवारिक: जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. उपाय: शिव जी को जल अर्पित करें.

**सिंह राशि:** करियर: कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन थकान हो सकती है. बिजनेस: निवेश में सतर्क रहें, पैसा फंस सकता है. धन: रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है.शिक्षा: छात्र बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं. लव/पारिवारिक: पुराना मित्र मिलने आ सकता है. उपाय: सूर्य को जल अर्पित करें.

**कन्या राशि:** करियर: रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी.बिजनेस: उधार दिया पैसा वापस मिल सकता है.धन: क्रोध पर संयम रखें, नुकसान से बचेंगे. शिक्षा: छात्रों को शिक्षा पर पूरा ध्यान देना होगा. लव/पारिवारिक: प्रेम संबंधों में मतभेद हो सकते हैं. उपाय: गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें.

**तुला राशि:** करियर: जीवनसाथी के सहयोग से कार्य पूरे होंगे. बिजनेस: नई आमदनी के स्रोत मिल सकते हैं. धन: रुके हुए कार्य आज पूरे हो सकते हैं. शिक्षा: पढ़ाई में कुछ उतार-चढ़ाव रहेगा. लव/पारिवारिक: पारिवारिक सहयोग बना रहेगा, यात्रा के योग हैं. उपाय: मां दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ाएं.

**वृश्चिक राशि:** करियर: आय में वृद्धि होगी, लेकिन स्वास्थ्य पर ध्यान दें. बिजनेस: प्रभावशाली लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी.धन: पुराने कर्ज चुकाने में सफलता मिलेगी. शिक्षा: शिक्षण से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है.

**धनु राशि:** करियर: कानूनी मामलों में जीत के योग हैं. बिजनेस: घरेलू वस्तुओं पर खर्च संभव है. धन: विरोधियों से सतर्क रहें, आर्थिक नुकसान से बचें. शिक्षा: मेहनत से अच्छे परिणाम मिलेंगे. लव/ पारिवारिक:

**मकर राशि :** करियर: जिम्मेदारियां पूरी होंगी, कार्य में सफलता मिलेगी.बिजनेस: प्रॉपर्टी से लाभ संभव है.धन: अचानक खर्च बढ़ सकते हैं.शिक्षा: एकाग्रता बनी रहेगी, रिजल्ट अच्छे आएंगे. लव/ पारिवारिक: मांगलिक कार्य के योग हैं, पारिवारिक आनंद रहेगा.उपाय: शनिदेव को सरसों का तेल चढ़ाएं.

**कुंभ राशि:** करियर: स्वास्थ्य कारणों से व्यस्तता बनी रहेगी. बिजनेस: संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें.धन: बजट गड़बड़ा सकता है, खर्चे संभालें.शिक्षा: पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें.

**मीन राशि :** करियर: अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है. बिजनेस: योजनाएं सफल होंगी, लाभ के योग हैं.धन: महत्वपूर्ण सूचना से आर्थिक लाभ संभव.शिक्षा: छात्रों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. लव/पारिवारिक: लवमेट के साथ संबंध बेहतर होंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# फर्जी मतदाताओं से मुक्ति आवश्यक, बिहार में चुनाव से पहले राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया

> **2020 के विधानसभा चुनावों में बिहार की करीब 20 प्रतिशत सीटों पर जीत-हार का फैसला महज ढाई प्रतिशत या उससे कम वोटों के अंतर से हुआ था। 17 सीटों पर तो जीत-हार का फैसला एक प्रतिशत से भी कम अंतर से हुआ था। साफ है कि 77 लाख फर्जी वोटरों का मामला राज्य के चुनाव नतीजों पर असर डाल सकता है।**

पा बिहार की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी दल इसके लिए चुनाव आयोग की मंशा और निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं। वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि चुनाव आयोग सत्तापक्ष के हाथों में खेल रहा है और इस अभियान के बहाने उनके समर्थक वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटने की जुगत लगा रहा है। राजद, कांग्रेस और तृणमूल जैसे दलों ने अभियान का विरोध करते हुए इसे नागरिकता सत्यापन से जोड़ दिया है।मोदी सरकार में शामिल टीडीपी ने भी मांग रखी है कि इस अभियान को लेकर यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि यह नागरिकता के सत्यापन का अभियान नहीं है। इस बीच डेमोग्राफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन: एस्टीमेटिंग द लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया 2025 शीर्षक से एक अध्ययन सामने आया है, जो बता रहा है कि बिहार की मतदाता सूची में करीब 77 लाख अवैध मतदाता हैं। अभी बिहार में 7 .89 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं।अध्ययन का निष्कर्ष है कि इनमें सिर्फ सात करोड़ 12 लाख मतदाताओं के नाम ही वैध हैं, जबकि बाकी 77 लाख मतदाता फर्जी हैं। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। इस लिहाज से देखें तो करीब हर




सीट पर लगभग तीस हजार अवैध मतदाता हैं। इस अध्ययन के अनुसार, बिहार के शहरी और ग्रामीण इलाकों की मतदाता सूची में दर्ज अवैध वोटरों की वजह अलग-अलग है। शहरी मतदाता सूची में फर्जी वोटरों के नाम प्रवासन की समस्या की वजह से हैं तो ग्रामीण इलाकों में इसकी वजह मृत्यु के आंकड़ों का रिकार्ड अपडेट न होना है। चुनाव आयोग की प्राथमिक रिपोर्ट भी इस अध्ययन के नतीजे को सही साबित करती है।एसआइआर के चलते पता चला है कि बिहार में करीब 5 .76 लाख मतदाताओं के नाम एक से ज्यादा जगहों की मतदाता सूची में शामिल हैं। वहीं 35 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं मिले हैं। चुनाव आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके अनुसार करीब 12 लाख 55 हजार 620 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि उनके नाम अब भी मतदाता सूची में शामिल हैं। इसी तरह 17 लाख 37 हजार 336 मतदाताओं ने स्थायी रूप से उस जगह को छोड़ दिया है, जहां उनके नाम मतदाता सूची में शामिल हैं। ये आंकड़े प्रारंभिक हैं। फाइनल आंकड़ों में बिहार की डेमोग्राफी बदली नजर आ सकती है। जो स्थिति बिहार में देखने को मिल रही है, वह अन्य राज्यों में और खासकर बंगाल में भी होगी।बिहार में आखिरी एसआइआर 2003 में हुआ था। तब राज्य में 4 .96 करोड़ मतदाता थे। 2003 में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के वोटरों में से अधिकांश के जीवित रहने की संभावना कम है। इस लिहाज से 2003 की मतदाता सूची में शामिल 4 .96 करोड़ लोगों में से, 2025 में केवल 3 .41 करोड़ लोगों के जीवित रहने की संभावना है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार, राज्य की जन्म-मृत्यु दर के हिसाब से 2003 के बाद से अब तक इस सूची में 4 .83 करोड़ नए वोटर जुड़ने चाहिए थे। आंकड़ों के लिहाज से 1985 से 2007 के बीच राज्य में इतने ही लोगों का जन्म होना चाहिए, जो अब तक वोटर हो सकते हैं।बिहार से पलायन की जो स्थिति है, उसके लिहाज से इस राज्य से इस बीच करीब एक करोड़ 12 लाख मतदाता बिहार से पलायन कर चुके हैं। 2003 से 2011 के बीच बिहार से कुल 49 लाख 65 हजार वोटर बाहर रहने चले गए। इसी तरह 2012 से 2025 के बीच राज्य से 72 लाख लोगों ने प्रवासन किया। इनमें से करीब आठ लाख 80 हजार लोग लौटे। इस तरह राज्य से पलायन करने वाले वोटरों की संख्या एक करोड़ 12 लाख बैठती है। इस हिसाब से राज्य में वैध वोटरों की संख्या सात करोड़ 12 लाख ही बैठती है।बिहार में सीमावर्ती इलाकों विशेषकर सीमांचल में घुसपैठ की बातें छिपी नहीं हैं। 2003 से ही राशन कार्ड और आधार कार्ड को मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए सहयोगी दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कई राज्यों ने अपनी जांच में अवैध राशन कार्ड पकड़े हैं। इसी तरह घुसपैठियों के आधार कार्ड हासिल करने की जानकारियां भी सामने आती रही हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने इन दस्तावेजों को वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए वैध नहीं माना है। विपक्षी दलों को डर है कि इस अभियान से उनके वोटरों की संख्या घट सकती है। अगर वोटर लिस्ट में फर्जी मतदाता हैं तो उनके नाम पर फर्जी वोटिंग की आशंका बनी रहेगी।2020 के विधानसभा चुनावों में बिहार की करीब 20 प्रतिशत सीटों पर जीत-हार का फैसला महज ढाई प्रतिशत या उससे कम वोटों के अंतर से हुआ था। 17 सीटों पर तो जीत-हार का फैसला एक प्रतिशत से भी कम अंतर से हुआ था। साफ है कि 77 लाख फर्जी वोटरों का मामला राज्य के चुनाव नतीजों पर असर डाल सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग के कदम पर सवाल उठाना बेमानी ही कहा जाएगा। स्वच्छ और निष्पक्ष मतदान लोकतंत्र की पहली शर्त है। ऐसे में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की महत्ता बढ़ जाती है। बिहार ही क्यों, पूरे देश के लिए ऐसे अभियान की जरूरत बढ़ जाती है। मतदाता सूची में पारदर्शिता बढ़ाने के चुनाव आयोग के अभियान पर सवाल उठाने से बचा जाना चाहिए।

# शिक्षा का भगवाकरण या शुद्धिकरण

**राजेश कुमार पासी**



एनसीईआरटी नई शिक्षा नीति के तहत नए पाठ्यक्रम के अनुसार नई किताबें जारी कर रहा है। उसने कई कक्षाओं के लिए किताबें जारी कर दी हैं और इसी क्रम में उसने कक्षा आठ के लिए सामाजिक विज्ञान भाग-एक की किताब जारी की है । जब से एनसीईआरटी ने अपनी सामाजिक विज्ञान की इस किताब में इतिहास को लेकर कुछ बदलाव किया है तब से यह शोर मचाया जा रहा है कि एनसीईआरटी शिक्षा का भगवाकरण कर रही है। वास्तव में एनसीईआरटी ने इस किताब में सल्तनत काल और मुगल काल में हुए अत्याचारों की बात की है ।किसी भी दल या बुद्धिजीवी ने किताब में दिए गए तथ्यों पर सवाल नहीं उठाया है बल्कि सरकार की नीयत पर सवाल उठाया है। यह विमर्श चलाया जा रहा है कि मोदी सरकार शिक्षा का भगवाकरण कर रही है। दूसरी तरफ भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस सरकार के दौरान बच्चों को सच्चाई से दूर रखा गया है ।सरकार चाहती है कि देश के विद्यार्थी इतिहास का सच जाने जो उनसे अभी तक छुपाया गया था। देखा जाए तो विपक्ष को मोदी सरकार के हर काम का विरोध करना जरूरी लगता है इसलिए इस काम का भी विरोध किया जा रहा है। मुख्य रूप से विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा है कि मुगलो को बदनाम करने की सरकार द्वारा साजिश की जा रही है। विपक्ष यह कहने की कोशिश कर रहा है कि सरकार के इस काम के कारण हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को खतरा पैदा हो सकता है ।सवाल यह है कि क्या झूठे इतिहास के सहारे इस भाईचारे को कायम रखने की कोशिश की जा रही है या सच को छुपाने से यह भाईचारा बना रहेगा ।मुझे कभी-कभी यह समझ नहीं आता है कि विपक्ष को छोटी-छोटी बातों से हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बिगड़ने का डर क्यों सताने लगता है। सवाल यह है कि इतिहास का सच बताने से क्या हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा खत्म हो सकता है ।

देखा जाए तो मोदी सरकार कुछ नया नहीं बताने जा रही है ।जो कुछ एनसीईआरटी ने अपनी किताब में शामिल किया है उसे इतिहास के वो विद्यार्थी जानते हैं जिन्होंने मैट्रिक के बाद इतिहास को पढ़ा है। भाजपा के कुछ नेताओं और समर्थको द्वारा यह कहा जा रहा है कि नेहरू सरकार से लेकर जो कुछ अभी तक एनसीईआरटी द्वारा पढ़ाया जा रहा था उसमें मुगलों के बारे में झूठ बताया जा रहा था। वास्तव में यह पूरी तरह से गलत है कि पहले झूठ बोला जा रहा था और जो अब शामिल किया गया है वही सच है।वास्तव में सच बताया नहीं गया था क्योंकि सरकार को लगता था कि छोटे बच्चों को ये सच बताना सही नहीं है। अगर अकबर की बात करें तो मैट्रिक के बाद बच्चे वो पढ़ते थे जो आज एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताब में बताया गया है। अकबर ने चितौड़ पर विजय हासिल करने के बाद लगभग तीस हजार हिंदुओं की हत्या करके उनकी खोपड़ियों का मीनार बनाया था ।इस ऐतिहासिक सच को इतिहास के स्नातक करने वाले विद्यार्थी जानते थे लेकिन मैट्रिक तक पढ़ने वाले बच्चे नहीं जानते थे । सवाल यह पैदा होता है कि इस सच को छुपाने की जरूरत क्या थी बल्कि इस सच को छुपाकर तो अकबर के साथ अन्याय किया गया है ।इस घटना को न जानने वाला कैसे जान सकता है कि अकबर में कितना बड़ा बदलाव आया था। क्या सम्राट अशोक ने कलिंग के युद्ध में लाखों लोगों की हत्याएं नहीं की थी । निर्दोष लोगों की हत्या के बाद सम्राट अशोक में मानवता जाग गई और उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया इसलिए अशोक महान कहलाये ।सवाल यह है कि इन दोनों राजाओं को देखने का नजरिया क्या है ।वास्तव में महान अशोक की तुलना अकबर से नहीं की जा सकती क्योंकि अशोक ने निर्दोष जनता की हत्या नहीं की थी जबकि अकबर ने जीत के बाद आम जनता का नरसंहार किया था जिसमें औरतें और बच्चे भी शामिल थे ।दूसरी तरफ कलिंग युद्ध में जो लोग मारे गए वो युद्ध में लड़ते हुए मारे गए थे न कि युद्ध जीतने के बाद मारे गए थे। एक सच यह भी है कि अकबर ने सहनशीलता का सिद्धांत इसलिए अपनाया क्योंकि वो जान गया था कि भारत पर लंबे समय तक शासन करना है तो हिन्दुओं को साथ लेकर चलना होगा अन्यथा मुगल शासन ज्यादा देर तक नहीं चल पाएगा ।उसने जो नीति अपनाई, वो उसकी राजनीति का हिस्सा था न कि उसमें मानवता जाग गई थी और वो हिन्दुओं से प्रेम करने लगा था ।सम्राट अशोक में मानवता जाग गई थी इसलिए उन्होंने कोई युद्ध नहीं किया और अपनी सेना की संख्या में भी भारी कमी कर दी ।कलिंग युद्ध के बाद मौर्य साम्राज्य की सेना सिर्फ रक्षा के काम तक सीमित हो गई थी और साम्राज्य का विस्तार बंद कर दिया गया था ।अकबर पूरी जिंदगी युद्ध करता रहा और मुगल साम्राज्य का विस्तार करता रहा ।जहां तक अकबर की सहनशीलता की नीति का सवाल है तो वो बहुत सफल रही थी जिसके कारण औरंगजेब तक मुगल साम्राज्य बिना किसी बाधा के चलता रहा लेकिन जब औरंगजेब ने इस नीति का त्याग करके हिन्दुओं का उत्पीड़न शुरू कर दिया तो उसकी मौत तक मुगल साम्राज्य का लगभग पतन हो गया था। औरंगजेब के बाद मुगल साम्राज्य दिल्ली के आसपास सीमित हो गया था ।इस किताब में मुगलों और दिल्ली सल्तनत के बारे में विस्तार से बताया गया है ।इसके अलावा इस किताब में 13वीं सदी से लेकर 17वीं सदी तक का भारत का इतिहास बताया गया है । इसमें मुगल काल और सल्तनत काल के दौरान भारत के प्रतिरोध के बारे में भी बताया गया है ।इसमें सिक्खों के उत्थान के बारे में भी बताया गया है । इस किताब में इस काल के दौरान मंदिरों पर हमले और शासकों की क्रूरता का वर्णन किया गया है ।पहले इस काल के बारे में सातवीं कक्षा में पढ़ाया जाता था लेकिन इन शासकों के अत्याचारों का वर्णन नहीं था ।इस किताब में बताया गया है कि खिलजी वंश के शासन काल के दौरान मलिक काफूर ने श्रीरंगम, मदुरै, चिदंबरम और रामेश्वरम जैसे कई हिन्दू केन्द्रो पर हमला किया था ।इन हमलों का उद्देश्य लूट करना नहीं था बल्कि हिन्दू धर्म को चोट पहुंचाना था ।बाबर के बारे में बताया गया है कि वो बेहद क्रूर और निर्दयी विजेता था जिसने कई शहरों की पूरी आबादी का कत्लेआम कर दिया था।

# मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस 2006-ट्रायल कोर्ट से दोषी ठहराए सभी 12 लोगों को हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया-फिर दोषी कौन?प्रॉसीक्यूशन पर उठे सवाल?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारतीय संवैधानिक संस्थाएं जैसे निर्वाचन आयोग न्यायपालिका इत्यादि की प्रतिष्ठा बनी हुई है,परंतु कुछ की परिस्थितिजन्य स्थितियों के कारण कम है, स्वाभाविक रूप से हम जानते हैं कि अंदरखाने भ्रष्टाचार राजनीतिक हस्तक्षेप डिपार्टमेंट की आपसी जबरदस्त मिलीभगत न्यायपालिका में प्रॉसीक्यूशन को प्रभावित कर असफलता के घेरे में लाकर खड़ा कर देती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, मानता हूं कि यदि भ्रष्टाचार के केस में पटवारी या बाबू से लेकर अधिकारी तक फसता है तो मैं प्रैक्टिकल देखा हूं कि भ्रष्टाचार का आरोपी कुछ समय निलंबित रहने के बाद ड्यूटी पर वापस ज्वाइन हो जाता है फिर लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद बरी भी हो जाता है,इसमें पूरी चैनल की मिली भगत हो सकती है जो हमें प्रत्यक्ष रूप से पता नहीं चलता, परंतु इसका एक अपवाद यह भी है कि किसी हाई प्रोफाइल केस में कोई हाथ नहीं डालता, बल्कि कुछ कानूनी लीकेज का फायदा बचावपक्ष उठकर फिर प्रॉसीक्यूशन को पटकनीं दे देता है आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 21 जुलाई 2025 को माननीय बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट के ट्रायलकोर्ट से दोषी ठहराए गए 12 लोगों को आरोपों से बरी कर दिया,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत में प्रॉसीक्यूशन पक्ष की सफलताओं को प्रभावित करने में राजनीतिक हस्तक्षेप भ्रष्टाचार गवाह को डराना इत्यादि कारकों का संज्ञान लेना जरूरी है। साथियों बात अगर हम सोमवार दिनांक 21 जुलाई 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले की करें तो,2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस में बॉम्बे हाई कोर्ट ने आज ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सभी दोषियों को बरी कर दिया है।हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपने आरोप साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने ही यह अपराध किया हो, इस मामले में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए गए 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया है, जबकि एक आरोपी की अपील लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी।2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस:-11 जुलाई 2006:7 बम धमाके मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए, 187 लोगों की मौत, 824 घायल,जुलाई-अगस्त 2006:13 लोगों की गिरफ्तारी,30 नवंबर 2006: 30 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, जिनमें 13 पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल 2007: ट्रायल शुरू,सितंबर 2015:12 लोगों को दोषी ठहराया गया, 5 को फांसी, 7 को उम्रकैद,2024: हाई कोर्ट ने केस की सुनवाई शुरू की,21 जुलाई 2025: सभी 11 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है।अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए।कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया।11जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।हाईकोर्ट के फैसले के बाद आगे क्या 3 पॉइंट:-(1) सुप्रीम कोर्ट के वकील आशीष पांडे बताते हैं, 'बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।'(2)भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 में प्रावधान है ।

# विधानसभा में मोबाइल पर रमी गेम पर घिरे कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे का क्या होगा? अजित पवार ले सकते हैं यह फैसला

**असेंबली में मोबाइल पर रमी गेम खेलने के बाद विपक्ष के निशाने पर कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को लेकर महाराष्ट्र में हलचल तेज हो गई है। बुधवार को कोकाटे की अजित पवार से मुलाकात नहीं पाई। दोनों की मुलाकात रद्द हो गई। ऐसा माना जा रहा है कि अजित पवार कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कद्दावर नेता माणिकराव कोकाटे असेंबली के अंदर मोबाइल पर रमी गेम खेलने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। बुधवार को उनकी डिप्टी सीएम अजित पवार से मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि माणिकराव कोकाटे पर अजित पवार कार्रवाई कर सकते हैं। विपक्ष की तरफ से रमी गेम खेलने को लेकर उनके इस्तीफे की मांग की जा रही है, हालांकि माणिकराव कोकाटे कह चुके हैं उनके मोबाइल पर एक विज्ञापन आ गया था। वह उसे स्किप कर रहे थे। उसी समय पर किसी ने वीडियो बना लिया, हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या विज्ञापन को स्किप करने में 45 सेकेंड लगते हैं तो पेशे से वकील माणिकराव कोकाटे ने कहा कि हां किसी को 5-10 सेकेंड लगते होंगे, लेकिन मुझे 45 सेकेंड लगते हैं। हालांकि सूत्र दावा कर रहे हैं कि किसान संगठनों के विरोध के बाद अजित पवार पर माणिकराव कोकाटे पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। अजित पवार पुणे में है जबकि कोकाटे नासिक में हैं।

# मुंबई में बारिश का कहर, भांडुप में पहाड़ पर बनी 50 फीट ऊंची सुरक्षा दीवार ढही, 5 घर चपेट में आए

**मुंबई में भारी बारिश के कारण भांडुप के खिंडीपाड़ा इलाके में एक 50 फीट ऊंची पहाड़ी की सुरक्षा दीवार गिर गई। ओमेगा हाई स्कूल के पीछे हुए इस हादसे में पहाड़ी के किनारे बने पांच कच्चे घर भूस्खलन की चपेट में आकर तबाह हो गए। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के मुंबई में बारिश ने एक बार फिर से तबाही मचाई है। भांडुप के खिंडीपाड़ा इलाके में तेज बारिश के चलते एक 50 फीट ऊंची पहाड़ी की सेफ्टी वॉल भरभराकर गिर गई। हादसा ओमेगा हाई स्कूल के पीछे हुआ, जहां पहाड़ी के किनारे बने पांच कच्चे घर भी भूस्खलन की चपेट में आकर पूरी तरह तबाह हो गए। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस हादसे का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सेफ्टी वॉल के गिरने का पूरा दृश्य कैद हुआ है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह भारी बारिश के चलते दीवार धीरे-धीरे ढहती है और देखते ही देखते उसका मलबा नीचे बने घरों पर आ गिरता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और बेचैनी का माहौल है। कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।

### जलजमाव और जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त

भांडुप ही नहीं, बल्कि मुंबई के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही, वहीं कच्चे घरों में रहने वाले लोगों के लिए बारिश हर साल की तरह इस बार भी आफत बनकर आई है।

### स्थानीय प्रशासन अलर्ट

घटना की सूचना मिलते ही बीएमसी और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय प्रशासन ने पहाड़ी क्षेत्र में बसे परिवारों को तुरंत खाली करने की सलाह दी है। सेफ्टी वॉल गिरने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने कहा है कि सभी प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय और जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बारिश के मौसम में मुंबई जैसे महानगरों में इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं, जो अवैध निर्माण और लचर ढांचागत व्यवस्था की ओर इशारा करती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पहाड़ी और ढलान वाले क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देना अब बेहद जरूरी हो गया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से जान-माल का नुकसान न हो।

फास्ट ट्रैक

# मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस का वलसाड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 20901/20902 मुंबई सेंट्रल- गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रायोगिक आधार पर वलसाड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण निम्नानुसार हैः 28 जुलाई, 2025 को मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर केपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस को वलसाड स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 08:19 बजे वलसाड स्टेशन पहुँचेगी और 08:21 बजे प्रस्थान करेगी। इस कारण सूरत, वडोदरा, आणंद और अहमदाबाद स्टेशनों पर इस ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है।इसी प्रकार, 27 जुलाई, 2025 को मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर केपिटल-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस को वलसाड स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 17:51 बजे वलसाड स्टेशन पहुँचेगी और 17:53 बजे प्रस्थान करेगी। इस कारण, ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर केपिटल से 14:05 बजे के बजाय 14:00 बजे प्रस्थान करेगी। इस कारण, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा और सूरत स्टेशनों पर इस ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है।

# मोबाइल एवं मोटरसाइकिल चोर गिरफ़्तार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण - मोबाइल स्नैचिंग एवं मोटरसाइकिल चोरी में संलिप्त अभियुक्त को खड़कपाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कुल 03 मोटरसाइकिल एवं 14 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत कुल 12,50,000/- रुपए है, जब्त किये गये हैं। खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने चोरी की हुई होंडा एक्टिवा मोटरसाइकिल क्रमांक MH 05 EK 3305 और पुलिस स्टेशन जी.आर. के सहायक पुलिस निरीक्षक विजय गायकवाड़ के अपराध में वांछित आरोपी की तलाश करते हुए, प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर आरोपी गाजी उर्फ टक्की लकीर हुसैन, उम्र 19 वर्ष, के ठिकाने का पता लगाया और उसे हिरासत में ले लिया। उसने अपना अपराध करना कबूल कर लिया है। जांच में यह भी पता चला है कि उसने अपने दो कानूनी संघर्ष सहयोगियों के साथ उक्त अपराध किया था।आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद की गई आगे की पूछताछ के बयान में बताया कि उक्त अपराध में चुराई गई होंडा एक्टिवा मोटरसाइकिल क्रमांक MH 05 EK 3305 के अलावा, उसने ठाणे, मुंबई, कल्याण, अंबरनाथ, उल्हासनगर क्षेत्रों से दो और मोटरसाइकिलें और विभिन्न कंपनियों के कुल 13 मोबाइल फोन चुराए थे। तदनुसार, उसके पास से निम्नलिखित विवरण की कुल 3 मोटरसाइकिलें और कुल 14 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई कल्याण परिमंडल जोन डीसीपी अतुल झेंडे एवं एसीपी कल्याणजी घेटे के मार्गदर्शन में खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन वरिष्ट पुलिस निरीक्षक डॉ अमरनाथ वाघमोड़े और उनके टीम ने किया है।

# छात्रों और उनके अभिभावकों ने भी लगाए देशी पौधे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ,सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसी के तहत दीघा के स्कूल संख्या 108 और 79 के विद्यार्थियों द्वारा 140 देशी पौधे लगाए गए। इस पहल की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी इसमें हिस्सा लिया। इस अवसर पर दीघा संभाग के इल्थानपाड़ा, विष्णुनगर, पंढरीनगर क्षेत्रों की पहाड़ियों पर नीम, अर्जुन, आंवला, करंज, जामुन जैसे देशी पौधे लगाए गए। वहीं झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास संगठन के सदस्यों द्वारा 75 देशी पौधे लगाए गए। इसी प्रकार, दीघा पटनी रोड स्थित ग्रीन वर्ल्ड भवन के सामने खुले स्थान पर दीघा संभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा जामुन, नीम जैसे 25 देशी पौधे लगाए गए। दीघा संभाग के सहायक आयुक्त एवं संभागीय अधिकारी नैनेश बदले और स्वच्छता अधिकारी प्रवीण थोरात ने उद्यान विभाग के सहयोग से इस पहल को क्रियान्वित करने का बीड़ा उठाया। इसी प्रकार, कोपरखैरणे प्रभाग में, स्कूल क्रमांक 38 में, प्रधानाध्यापिका रत्नमाला पाटिल, सहायक आयुक्त भरत धांडे और स्वच्छता अधिकारी राजू सिंह चव्हाण की पहल पर विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर, विद्यार्थियों को कचरा विलगीकरण का महत्व समझाया गया। कचरे का उचित निपटान करने और इधर-उधर न फेंकने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग से बचने के बारे में भी जागरूक किया गया। तुर्भे प्रभाग में ही, गामी इंडस्ट्रीज के पास की झुग्गी बस्तियों में कचरा विलगीकरण और प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के बारे में जागरूकता पैदा की गई। बेलापुर प्रभाग में सहायक आयुक्त डॉ. अमोल पालवे और स्वच्छता अधिकारी नरेश अंधेर के नेतृत्व में चलाए गए प्लास्टिक रोकथाम निरीक्षण अभियान में 3 व्यापारियों को प्लास्टिक बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया गया। प्रत्येक से 5 हजार रुपए का जुमार्ना लेकर कुल 15 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया। मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में 'सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ' अभियान के तहत प्रतिदिन विभिन्न स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के नेतृत्व में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गाडे और स्मिता काले तथा जोन 1 के उपायुक्त सोमनाथ पोटरे और जोन 2 के उपायुक्त संजय शिंदे के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# 'छाती पर लात मारी, घसीटा', कैमरे के सामने फूट-फूट कर रोई पीड़िता, कल्याण में रिसेप्शनिस्ट अटैक केस में पुलिस का बड़ा एक्शन

**ठाणे जिले के कल्याण में एक युवक ने प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली युवती की बेरहमी से पिटाई की है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी युवक ने रिसेप्शनिस्ट युवती को कितनी बेरहमी से पीटा है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः ठाणे जिले के कल्याण में एक युवक ने प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली युवती की बेरहमी से पिटाई की है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी युवक ने रिसेप्शनिस्ट युवती को कितनी बेरहमी से पीटा है। संबंधित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में आया है। पिटाई करने वाला युवक प्रवासी है। उसने पहले पीड़ित युवती के साथ दुर्व्यवहार किया। फिर उसे बेरहमी से पीटा। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पीड़िता फूट-फूट कर रोने लगी। पीड़िता ने एक न्यूज चैनल को अपनी प्रतिक्रिया दी। उस समय उसने अपनी आपबीती सुनाई। उधर, पुलिस ने इस मामले में आरोपी गोकुल झा समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पीड़िता ने क्या बताया?

पीड़िता ने कहा कि उस व्यक्ति ने मुझे गालियां दीं। मैंने बस इतना कहा, सर आपका नंबर नहीं आया है। अभी नंबर आने में समय है। जब नंबर आएगा, तो मैं आपको अंदर भेज दूंगी। मेरी क्या गलती है? जब मेरी कोई गलती नहीं थी, तो उसने मुझे अभद्र भाषा में गालियां दीं। इसके बाद उसने मुझे बुरी तरह पीटा। उसने मेरे बाल खींचे और मुझे बाहर दरवाजे तक ले गया। उसने मुझे लात-घूंसों से पीटा। उसके पैरों के निशान मेरी टी-शर्ट पर हैं। हमने उसके खिलाफ मनपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

कैमरे के सामने पीड़िता फूट-फूट कर रोई

पीड़िता ने एक न्यूज चैनल को जवाब देते हुए घटना के बारे में विस्तार से बताया। इस बार, वह जवाब देते हुए फूट-फूट कर रो पड़ी। पीड़िता ने कहा कि मैं श्री बालाजी चिल्ड्रन हॉस्पिटल में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करती हूं। डॉक्टर लगभग साढ़े छह बजे क्लिनिक नहीं आए। सर पांच-दस मिनट बाद आए। उस समय किसी मरीज का नंबर नहीं था। मैंने एक मरीज को भेजा था जिसका नंबर था।

लड़की के बाल पकड़कर घसीटता दिखा आरोपी

पीड़िता ने आगे कहा कि सर, मैंने मरीज को रुकने के लिए कहा, लेकिन मैंने उससे बस इतना कहा, 'दादा, मेरे पास आपका नंबर नहीं है। इसके बाद उस व्यक्ति ने मुझे बेवजह गालियां दीं।

# लड़की के साथ मारपीट मामले में आरोपी को पुलिस कस्टडी में भेजा गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कल्याण में एक चौंकाने वाली घटना हुई नंदीवाली में हुई थी।जहाँ एक युवती को एक लड़के ने बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा गया था। इस हमले में लड़की को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी गोकुल झा को गिरफ्तार कर लिया है और बुधवार को कल्याण कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने दो दिनों की पुलिस कस्टडी में भेजा हैं। इस पूरे प्रकरण से क्षेत्र में कोलाहल मच गया। आरोपी गोकुल के ऊपर पहले से ही मामले पुलिस में दर्ज.हैं।कई राजनीतिक दलों और नागरिकों में आक्रोश था, स्थिति गंभीर को देखते कल्याण जोन डीसीपी अतुल झेंडे ने खुद तात्पर्य दिखाई और मंगलवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।वही आरोपी की मां का कहना है कि इस घटना में न सिर्फ.मेरा बेटा दोषी है बल्कि लड़की भी दोषी है। मेरी बहू की पिटाई के बाद यह घटना हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि वीडियो में कुछ अंश दिखाए गए हैं। और उन्होंने ने अस्पताल के डॉक्टर पर भी दोष लगाया कि जानबूझकर वीडियो के कुछ हिस्से को दिखाया नहीं गया।पीड़ित लड़की कल्याण के एक अस्पताल में काम करती है। मारपीट के समय, आरोपी अपने भाई के बीमार बच्चे को लेकर आया था। उसकी माँ और भाभी भी उसके साथ थीं। भीड़भाड़ होने के कारण, लड़की ने उसे कुछ मरीजों के नंबर होने के कारण इंतजार करने को कहा। लेकिन युवक ने लड़की से कहा कि नंबर तो मेरा पहले था इसके लिए बहस हुई । इसी दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई। युवक ने युवती को अशब्द कहा और बाहर चला गया । लेकिन गुस्साई युवती ने आरोपी की भाभी पर हाथ उठा दिया। आरोपी गोकुल झा गुस्से से अस्पताल के अंदर आया युवती के पेट में सीधे लात मारी। इसके बाद उसने युवती के बाल खींचे और उसे जमीन पर पटक-पटक कर पीटा। आरोपी की मां ने आगे कहा मेरे लड़के को लड़की पर हाथ नहीं उठाना चाहिए यह गलत है वह दोषी हैं। मैं खुद उसे पकड़ कर मारी और उसे बाहर ले गई

# डोंबिवली के एमआईडीसी में कपड़ा प्रसंस्करण कंपनी में भीषण आग लगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



डोंबिवली एक बार फिर डोंबिवली का एमआईडीसी क्षेत्र आग लगने के कारण सुर्खीय़ों में है। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कपड़ा प्रसंस्करण करने वाली एरोसिल कंपनी में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग में किसी की जान नहीं गई। हालाँकि, आर्थिक नुकसान हुआ है। कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका और एमआईडीसी की चार दमकल गाड़ियों ने आग बुझाई। कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना मिलते ही अग्निशमन प्रमुख नामदेव चौधरी के मार्गदर्शन में एक दमकल टीम मौके पर पहुँची और तुरंत आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। हालाँकि, आग के आसपास की कंपनियों में फैलने की संभावना को देखते हुए, चार दमकल टीमों को मौके पर पहुँचने के लिए सूचित किया। चारों दमकल गाड़ियाँ एरोसिल कंपनी के चारों तरफ तेज दबाव वाले पानी का छिड़काव करके आग बुझाने में सफल रही।साथ ही कर्मचारी इस बात का भी ध्यान रख रहे थे कि आग आस-पास की कंपनियों तक न फैले। मानपाड़ा पुलिस मौके पर पहुँची। उन्होंने आग वाली कंपनी की ओर जाने वाले रास्तों को चारों तरफ से बंद कर दिया। आग बुझाते समय तेज बारिश हो रही थी जिसका दमकल विभाग को भी इसका सहयोग मिला। मनपा के दमकल विभाग के प्रमुख नामदेव चौधरी से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग कपड़े की प्रोसेसिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगी ।

# कार लेकर ट्रेन में बैठिए और महज 12 घंटे में पहुंच जाइए मुंबई से गोवा, भारत में पहली बार शुरू हो रही फेरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक नया काम करने जा रहा है। यह भारत में पहली बार होगा जब कारों के लिए फेरी ट्रेन सेवा शुरू होगी। यह गणेश चतुर्थी के समय शुरू हो रही है। इस सेवा से लोग अपनी कार को ट्रेन से महाराष्ट्र के कोलाड से गोवा के वर्ना तक ले जा सकेंगे। यात्री खुद ट्रेन के डिब्बों में सफर करेंगे। यह सेवा गोवा जाने वाले लोगों के लिए बहुत अच्छी साबित होगी। खासकर छुट्टियों और त्योहारों के समय यह बहुत उपयोगी होगी। अभी मुंबई या पुणे से गोवा जाने में सड़क से 20 से 22 घंटे लगते हैं। रास्ते में बहुत ट्रैफिक होता है और घुमावदार रास्ते भी होते हैं। लेकिन यह नई फेरी ट्रेन इस दूरी को सिर्फ 12 घंटे में पूरा कर लेगी। इससे यात्रा जल्दी, सुरक्षित और आरामदायक हो जाएगी।

# मध्य रेल द्वारा भायखला स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के 7 स्टेशनों पर स्टेशन महोत्सव कार्यक्रमों के सफल समापन के बाद, रेलवे बोर्ड की सलाह पर रेलवे स्टेशनों के स्टेशन महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में दिनांक 23.07.2025 को मुंबई मंडल के भायखला स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया। हाल ही में मध्य रेल के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, नागपुर, रे रोड, आसनगांव, वासिंद, कसारा और इगतपुरी स्टेशनों पर स्टेशन महोत्सव आयोजित किया गया ।

मध्य रेल के सभी 5 मंडलों के कुल 15 स्टेशनों को स्टेशन महोत्सव समारोहों के लिए चिन्हित किया गया है।

भायखला स्टेशन :- भायखला स्टेशन भारत के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक है, जो 1853 से परिचालित है। यह 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से तन्ना (जिसे अब ठाणे के नाम से जाना जाता है) तक भारतीय उपमहाद्वीप पर चलने वाली पहली ट्रेन के ठहरावों में से एक था। 1891 में निर्मित वर्तमान स्टेशन भवन विक्टोरियन वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।स्टेशन महोत्सव समारोह के तहत सजावट और भव्य रंगोली के साथ स्टेशन उत्सवी रूप में तैयार किया गया था। समारोह में एक विरासत प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसमें जीआईपीआर युग से संबंधित विभिन्न कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं। पुराने भायखला स्टेशन के रेखाचित्र और श्वेत-श्याम तस्वीरें भी प्रदर्शित की गईं। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण गन मेटल से बना एक जीआईपीआर मोनोग्राम और गनमेटल से बना एक पुराना टिकट विंडो फ्रेम था, जो कुछ साल पहले तक भायखला स्टेशन का हिस्सा था।

प्रदर्शनी में शामिल वस्तुओं में जीआईपीआर युग की एक बेंच, लोहे के स्लीपर, पुराने टेलीफोन उपकरण, पीतल से बने सरकारी मोहर और माप-तौल के बाट, गेट कीपर का बैज, पुरानी कैरेज और वैगन प्लेट, रोटरी स्विच, इंजीनियरिंग लकड़ी का स्केल बॉक्स और पटरी बदलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पुराने ट्रैक हैंड लीवर शामिल थे।

जीआईपीआर युग के भाप इंजनों के लघु मॉडल भी प्रदर्शन का हिस्सा थे।

पुराने मॉडलों के अलावा, प्रदर्शनी में वर्तमान में सेवारत वंदे भारत ट्रेनों का एक मॉडल और निकट भविष्य में चालू होने वाली बुलेट ट्रेन का एक मॉडल भी प्रदर्शित किया गया।

आगंतुकों के लिए यादगार तस्वीरें लेने हेतु सेल्फी पॉइंट भी लगाए गए थे। यह प्रदर्शनी छात्रों, कार्यालय जाने वाले लोगों, पेशेवरों, विरासत प्रेमियों, रेल प्रशंसकों और यात्रियों सहित बड़ी संख्या में आगंतुकों के लिए पुरानी यादों की एक यात्रा थी।

स्टेशन महोत्सव समारोह इतिहास, संस्कृति, शिक्षा और उत्सव का एक यादगार मिश्रण था - वास्तव में उन स्टेशनों के लिए उपयुक्त जिन्होंने एक सदी से भी अधिक समय से भारतीय रेलवे के यात्रियों को समर्पण के साथ सेवा प्रदान की है।

# रमी विवाद, किसानों को कहा भिखारी, अब बोले सरकार भिखारी, महाराष्ट्र में ?माणिकराव कोकाटे को क्या हुआ?

**महाराष्ट्र में एक नया विवाद सामने आया है। राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने सरकार को भिखारी कह दिया है। उन्होंने यह बात नासिक में मीडिया से बात करते हुए कही। कोकाटे नासिक के सिन्नर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। पहले उन्होंने किसानों को भिखारी कहा था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नाशिक : महाराष्ट्र के कृषि मंत्री मणिकराव कोकाटे फिर से विवादों में हैं। पिछली बार वे विधानसभा में फोन पर रमी खेलते हुए पाए गए थे, जिस पर काफी हंगामा हुआ था। अब उन्होंने एक और विवादित बयान दे दिया है। उन्होंने पहले किसानों को और फिर सरकार को भिखारी कह दिया है। दरअसल, कोकाटे ने पहले किसानों के बारे में एक बात कही थी, जिस पर उनकी आलोचना हुई थी। उन्होंने कहा था कि भिखारी भी अब 1 रुपया नहीं लेते, लेकिन सरकार किसानों को फसल बीमा के लिए उतना पैसा देती है।कोकाटे ने अपनी इस बात को साफ करते हुए आगे कहा, 'सरकार किसानों को 1 रुपया नहीं देती, बल्कि उनसे फसल बीमा के लिए 1 रुपया लेती है। तो भिखारी कौन है? सरकार भिखारी है, किसान नहीं। मेरे बयान को लोगों ने गलत समझा।'कोकाटे ने दी सफाईकोकाटे ने यह भी कहा कि उन्होंने 1 रुपये की फसल बीमा योजना के तहत 5.3 लाख से ज्यादा फर्जी आवेदनों को रद्द करने में अहम भूमिका निभाई थी। सरकार ने अब इस योजना को बंद कर दिया है

# चोरों ने की 20 लाख की चोरी

**छत पर सो रहा था परिवार, चोरों ने कमरों से जेवरात और नकदी उड़ाई**

रायबरेली, बछरावां स्थित इसिया गांव में एक बड़ी चोरी की वारदात हुई। चोर सुनील के घर में पिछली दीवार से छत पर चढ़कर घुसे। उस समय गर्मी की वजह से पूरा परिवार छत पर सो रहा था। चोरों ने दो कमरों की कुंडियां तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने अलमारी से करीब 18 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और सवा दो लाख रुपए की नकदी चुरा ली। सुबह जब परिवार की नींद खुली और वे लोग नीचे आए। तो नीचे कमरों का सामान बिखरा हुआ मिला।

**मध्य रेल**

**कच्चे माल तथा खाद्य पदार्थों की आपूर्ति**

**कार्य का नाम** : डॉ.बी.ए.एम.अस्पताल, मध्य रेल, बायकुला, मुंबई में अस्पताल की रसोई के लिए कच्चे माल, फल, ब्रेड, अंडे, दूध और सब्जियों की आपूर्ति। **अनुमानित लागत** : ₹ 1,27,10,519.34. (एक करोड़ सत्ताईस लाख दस हजार पाँच सौ उन्नीस रूपये और चौंतीस पैसे मात्र) सभी सहित। **अनुबंध की अवधि** : 365 दिन (एक वर्ष)। **बयाना राशि जमा** :₹ **2,13,600/-. निविदा दस्तावेज मूल्य** : सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **निविदा प्रस्तुत करने की तारीख और समय** : 08/08/2025 को 15.00 बजे तक ऑनलाइन केवल पोर्टल के माध्यम से। निविदाएं केवल वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-निविदा प्रारूप में स्वीकार जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**खुली निविदा सूचना संख्या:BAMHKitchen RawMat25-26 Date 18/07/2025** Sai/289

**अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है**

**पश्चिम रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

ई-निविदा सूचना क्र. 81255259 दिनांक 26.05.2025. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 25.07.2025 को 11.00 बजे से संशोधित तिथि एवं समय : 18.08.2025 को 11.00 बजे. अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी. 0426

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**स्वास्थ्य यूनिट का निर्माण**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/155, दि. 22.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : विरार :- स्वास्थ्य यूनिट का निर्माण (शेष मात्रा अनुसूची) (संयुक्त निविदा). **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 2,72,84,642.60. **ईएमडी** : रु. 2,86,400/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 19.08.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 19.08.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0420

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं.

| अ. क्र. | निविदा सूचना क्र. एवं तिथि | कार्य एवं स्थान | कार्य की अनुमानित लागत रु. में | ईएमडी रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/151, दि. 21.07.2025 | विरार- जोरावासन अनुभाग : एडीईएन/वलसाड के क्षेत्राधिकार अंतर्गत सामान्य मरम्मत. | रु. 1,49,97,652.99 | रु. 2,25,000.00 |
| 2 | बीसीटी/25-26/152, दि. 21.07.2025 | 1. विरार – जोरावासन अनुभाग : एडीईएन/दहाणू रोड तथा एडीईएन/वलसाड के क्षेत्राधिकार अंतर्गत 2 वर्षों हेतु पेयजल आपूर्ति का कीटाणुनाशन. 2. विरार-जोरावासन अनुभाग : एडीईएन/दहाणू रोड और एडीईएन/वलसाड के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दो वर्षों हेतु ओवरहेड तथा भूमिगत वॉटर स्टोरेज टैंक की सफाई और कीटाणुनाशन. | रु. 61,26,573.32 | रु. 1,22,500.00 |
| 3 | बीसीटी/25-26/153, दि. 21.07.2025 | विरार – जोरावासन अनुभाग : ट्रैक कार्य विरार-सूरत – टीटीआर (सीएस) – 71 सेट्स, टीटीआर (सीएमएससी) – 10 सेट्स, एसईजे-103 नग, पी एवं सी स्लीपर्स मात्र – 250 नग और टीएफआर (पी एवं सी) – 410 (जीआरएसपी मात्र) की मंजूरी के संबंध में वरि. डीईएन/उत्तर-मुंबई सेंट्रल के क्षेत्राधिकार अंतर्गत फिश प्लेट बोल्ट्स हेतु एम-25 लॉक नट और हूक बोल्ट हेतु सिंगल पीस स्प्रिंग इनसर्टेड रियूजेबल एम-27 लॉक नट प्रदान करना और स्थापित करना. | रु. 1,10,91,120.00 | रु. 2,05,500.00 |
| 4 | बीसीटी/25-26/154, दि. 21.07.2025 | 1. विरार – जोरावासन अनुभाग : सिग्नलिंग एवं दूरसंचार अधिष्ठापनों हेतु फेंसिंग प्रदान करना. 2. वलसाड में एएमएम कार्यालय का नवीनीकरण. | रु. 1,53,72,206.96 | रु. 2,26,900.00 |

उपरोक्त सभी निविदाओं हेतु, जमा करने की तिथि एवं समय : 19.08.2025 को 15.00 बजे तक. खुलने की तिथि एवं समय : 19.08.2025 को 15.30 बजे. टिप्पणी : अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0418

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# 24 घंटे में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 54 शराबियों के खिलाफ हुई कार्रवाई




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , यातायात शाखा ने इस साल पिछले 7 महीनों में शराबियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ठाणे यातायात शाखा के पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाठ ने बताया कि यातायात शाखा द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी में सात महीनों में 4,614 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उनके चालान काटे गए। इस बीच आषाढी अमावस्या के मद्देनजर, ठाणे यातायात शाखा ने मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक 54 शराबियों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके चालान काटे हैं। ठाणे यातायात शाखा के 18 उप-विभागों में, यातायात शाखा के उपायुक्त पंकज शिरसाठ के मार्गदर्शन में 1 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 तक की छह महीने की अवधि के दौरान यातायात शाखा के नाकाबंदी में 3,839 शराबियों पर जुमार्ना लगाया गया और चालान काटे गए। जबकि 1 जुलाई 2025 से 21 जुलाई 2025 तक, मोटर यातायात अधिनियम की धारा 185 के तहत 775 लोगों पर जुमार्ना लगाया गया और चालान काटे गए। शिरसाठ ने बताया कि छह महीने और 21 दिनों में, यातायात शाखा ने ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 4,614 शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# किसी भी परिस्थिति में अनधिकृत निमार्णों को बिजली की आपूर्ति न की जाय :सौरभ राव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश हैं कि किसी भी अनधिकृत निर्माण को बिजली की आपूर्ति नहीं की जानी चाहिए। जिसके अनुसार मनपा आयुक्त सौरभ राव ने ठाणे मनपा क्षेत्र में कार्यरत महावितरण और टोरेंट पावर कंपनियों दोनों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। अनधिकृत निमार्णों को बिजली की आपूर्ति नहीं की जानी चाहिए और बिजली की आपूर्ति करते समय, बिजली कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संबंधित निर्माण अधिकृत हो। इस संबंध में उच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुसार, बुधवार दोपहर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव के कार्यालय में मनपा, महावितरण कंपनी और टोरेंट पावर कंपनी के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। कहा गया है कि बिजली कंपनियों का यह कानूनी कर्तव्य है कि जिस निर्माण के लिए बिजली आपूर्ति मांगी जा रही है, उसकी वैधता से संबंधित दस्तावेजों की पुष्टि किए बिना बिजली की आपूर्ति न करें। केवल हलफनामे या आवेदन के आधार पर बिजली की आपूर्ति नहीं की जा सकती। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गंभीर मामला है और मनपा आयुक्त को महावितरण और अन्य बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए। माननीय उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि केवल अधिकृत निमार्णों को ही बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं। आयुक्त राव ने बैठक में उच्च न्यायालय के इस आदेश की विस्तृत जानकारी दी। इस संबंध में उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि आज से दोनों कंपनियां निर्माण की वैधता की पुष्टि किए बिना बिजली आपूर्ति न करें। कंपनियों को वरिष्ठ स्तर पर इस स्थिति से निपटने का रास्ता निकालना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को असुविधा न हो और अनधिकृत निमार्णों को बिजली की आपूर्ति न हो। आयुक्त राव ने इस बैठक में इसके लिए मनपा के शहरी विकास विभाग का सहयोग लेने का भी सुझाव दिया। बिजली के लिए आवेदन करने के बाद कितने समय तक बिजली प्रदान की जानी चाहिए, इसके लिए दिशानिर्देश हैं। इसी तरह उच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट किया है कि अनधिकृत निमार्णों को बिजली कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है। इसलिए, इसके लिए तुरंत एक प्रक्रिया तय की जानी चाहिए, ऐसा आयुक्त राव ने कहा है। मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में हुई बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनागरा, सहायक निदेशक नगर नियोजन संग्राम कनाडे, उपायुक्त (संपत्ति कर) जी.जी. गोदेपुरे, उपायुक्त (अतिक्रमण विभाग) शंकर पटोले, उपनगरीय अभियंता (विद्युत) शुभांगी केसवानी, विधि अधिकारी मकरंद काले, महावितरण के मुख्य अभियंता संजय पाटिल, अधीक्षण अभियंता युवराज मेश्राम, टोरेंट कंपनी के महाप्रबंधक (वितरण) प्रवीण चंद्र पांचाल, संयुक्त महाप्रबंधक विनय बहल, जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत कोठेकर आदि उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## फॉर्च्यूनर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

### एक व्यक्ति की मौके पर मौत, एक घायल



शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे स्थित पूर्वी तिराहे पर एक फॉरच्यूनर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक आरिफ उर्फ राजू (42) की मौत हो गई। मोहल्ला नितगंजा निवासी आरिफ अपने फुफेरे भाई नसीम के साथ काच्यानी खेड़ा स्थित अपने प्लॉट पर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आरिफ सड़क पर गिर गए। उन्हें तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में आरिफ के साथ मोटरसाइकिल पर सवार उनके फुफेरे भाई नसीम को कोई गंभीर चोट नहीं आई। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार तोमर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगने से बालिका की मौत

### बिजली बोर्ड छूने से झुलसी, अस्पताल में इलाज के दौरान गई जान



मिर्जापुर, उमरिया अयोध्या प्रसाद गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। दाढ़ीराम क्षेत्र में बलवंत कुमार की 6 वर्षीय पुत्री प्रीति की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब प्रीति ने घर में लगे बिजली बोर्ड से झूल रहे तार को छूलिया। करंट की चपेट में आने से प्रीति गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन तुरंत उसे आस-पास के निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता बलवंत कुमार मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बच्ची की मौत की खबर से पूरे परिवार में मातम छा गया है। मां पूनम का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पड़ोस के लोग भी घर पहुंच गए।

## प्राचीन मंदिर से शिवलिंग गायब

### मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति हिरासत में, नए शिवलिंग की होगी स्थापना

मिर्जापुर, अहरौरा में स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर से मंगलवार की रात शिवलिंग गायब हो गया। यह घटना मोहल्ला गोला लाला में स्थित मंदिर की है। जब श्रद्धालु मंदिर में जल चढ़ाने पहुंचे, तो उन्होंने शिवलिंग को गायब पाया। सावन के पवित्र माह में इस घटना से स्थानीय लोगों में रोष है। मोहल्ले के निवासी प्रेमचंद्र केशरी, प्रेम केशरी, राजेश कुमार, प्रज्वल केशरी और सुनील कुमार ने पुलिस को इस घटना की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि यह एक पुराना मंदिर है, जहां मोहल्ले के लोग नियमित रूप से पूजा-पाठ करते थे। नगर चौकी प्रभारी अविनाश त्रिपाठी के अनुसार, एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसके बताए स्थान पर खोजबीन की गई, लेकिन अभी तक शिवलिंग नहीं मिला है। स्थानीय प्रशासन ने मंदिर में एक नए शिवलिंग की स्थापना कराने का निर्णय लिया है।

# रक्षा बंधन पर राखी भेजने के लिए डाक विभाग तैयार किया नया लिफाफा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे ,इस साल 9 अगस्त को होने वाले रक्षा बंधन के त्यौहार के लिए कई बहनें डाक सुविधा का लाभ उठाकर अपने दूर रहने वाले भाइयों तक बे झिझक राखी पहुंचा सकेंगी। इसी को ध्यान में रखते हुए, डाक विभाग ने इस साल भी आकर्षक और रंग-बिरंगे 'राखी लिफाफे' तैयार किए हैं। राखी को जल्द से जल्द सही पते पर पहुँचाने के लिए, डाकघर विभाग ने तैयारी की है। वरिष्ठ अधीक्षक के. नरेंद्र बाबू ने यह जानकारी दी है रक्षाबंधन'भाई-बहन के अटूट बंधन का त्यौहार है। इस दिन बहनें अपने भाई को राखी बाँधती हैं, लेकिन जब भाई पहुंच से बाहर होता है तब उन्हें राखी बांधना संभव नहीं होता है। इसके लिए लोग डाक सेवा का सहारा लेते थे लेकिन डाक से राखी समय पर पहुंचने के चलते कोरियर को विकल्प के रूप देखा जाने लगा। इसके बावजूद डाक विभाग वर्षों से दूर रहने वाले भाइयों तक राखी पहुँचाने की सेवाएँ प्रदान करता आ रहा है। इस साल ठाणे डाक विभाग रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। विभाग ने नागरिकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए राखी लिफाफे उपलब्ध कराए हैं। जिन्हें देश-विदेश में कहीं भी, मामूली शुल्क पर प्राथमिकता डाक के रूप में भेजा जाएगा। ये लिफाफे रक्षाबंधन के लिए विशेष रूप से वाटरप्रूफ, सीलबंद और फटने-रोधी बनाए गए हैं। इन लिफाफों में रंग-बिरंगे और आकर्षक डिजाइन उपलब्ध हैं। ये लिफाफे सभी डाकघरों में उपलब्ध हैं और इन लिफाफों के कवर पर राखी का डिजाइन छपा हुआ है। जिससे ये लिफाफे भाई-बहन के अटूट बंधन को और मजबूत कर रहे हैं। इसके साथ ही, राखी के लिफाफे सुविधाजनक आकार में उपलब्ध हैं। आसान सील के लिए पील-ऑफ स्ट्रिप सील भी दी गई है। इन राखी लिफाफों की कीमत जीएसटी सहित 12 रुपये प्रति लिफाफा है। ये राखी लिफाफे स्पीड पोस्ट और पंजीकृत डाक सेवाओं के माध्यम से पूरे देश और विदेशों में भेजे जा सकते हैं। डाक विभाग का यह प्रयास है कि राखी जल्द से जल्द सही पते पर पहुँचे। डाक विभाग महाराष्ट्र के बाहर एक से दो दिनों के भीतर सही पते पर राखी पहुँचाने की सेवा प्रदान करेगा। साथ ही, पिछले वर्ष 5000 से अधिक डाक पैकेट बेचे गए थे। इस वर्ष भी 3200 लिफाफे उपलब्ध कराए गए हैं और 7000 नए डिजाइन वाले लिफाफे बेचे जाएँगे। डाकघर के वरिष्ठ अधीक्षक के. नरेंद्र बाबू ने बहनों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# उल्हासनगर के कांबा गांव में कंक्रीट सड़क और ग्रामपंचायत कार्यालय का भूमिपूजन हुआ

### आमदार कुमार आयलानी ने किया सड़क का भूमिपूजन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. 141 उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांबा गांव में बुधवार 23 जुलाई को स्थानीय भाजपा आमदार कुमार आयलानी द्वारा विकास कार्यों के अंतर्गत कंक्रीट सड़क बनाने तथा ग्राम पंचायत कार्यालय के दूसरे टप्पे के कार्य का भूमिपूजन किया गया। कांबा गांव में यह कार्य जनसुविधा योजना के अंतर्गत किए जा रहे है। यह महत्वपूर्ण सड़क स्थानीय नागरिक गणपत पवार के घर से लेकर समता नगर तक बनाई जाएगी। आमदार कुमार आयलानी व शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी द्वारा नारियल फोड़ कर सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कांबा गांव के ग्रामीणों की तरफ से आमदार कुमार आयलानी का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ही दत्ता भोईर को कांबा गांव के प्रभारी सरपंच का पद प्रदान कर उनका भी स्वागत सत्कार किया गया। उक्त कार्यक्रम में आमदार कुमार आयलानी सहित शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, दिलीप गायकवाड़, छाया बनकरी, संदीप पावशे, अरुण शिरोसे, संतोष पावशे, पदमाकर शिरोसे व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गन्ने का रस बेचने को लेकर हिन्दूवादी संगठनों का हंगामा

- दुकानदारों पर धार्मिक पहचान छिपाने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सदर बाजार स्थित टाउनहॉल के पास गन्ने के रस की दुकानों पर धार्मिक पहचान छिपाने का आरोप लगा है। सावन के महीने में एक ग्राहक सुबोध मिश्रा ने गन्ने का रस खरीदा। दुकान में गंदगी देखकर जब उन्होंने दुकानदार का नाम पूछा, तो उसने अपना नाम आकाश बताया। अगले दिन फिर वही स्थिति देखने को मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि दुकानदार मुस्लिम समुदाय से है। आरोप है कि दुकानदार तंबाकू का सेवन करते हुए और बिना हाथ धोए रस बेच रहा था। मामले की जानकारी हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी राजेश अवस्थी को दी गई। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो कई दुकानदार मिले। शुरूआत में सभी ने अपने को हिंदू बताया। बाद में पूछताछ में उन्होंने अपनी असली पहचान बताई। हिंदूवादी संगठन ने सभी दुकानदारों को अपनी असली पहचान से दुकान चलाने की हिदायत दी है। संगठन ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# टाल्सट्वाय पब्लिक स्कूल में पौधरोपण अभियान

### आम, आंवला और अमरूद के पौधे लगाए, बच्चों ने दिए पर्यावरण संरक्षण के नारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, हरगढ़ बाजार स्थित टाल्सट्वाय पब्लिक स्कूल में बुधवार को 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधरोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में आम, आंवला और अमरूद के पौधे रोपे गए। पौधों की सुरक्षा के लिए बेरीकेडिंग की गई है। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए। उन्होंने 'धरती माता करे पुकार-वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार' और 'वृक्ष धरा का है आभूषण-प्रदूषण गर्मी का करता शोषण' जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान किया। वन विभाग और जिला गंगा समिति के बैनर तले यह पौधरोपण अभियान लगातार 14वें दिन भी जारी रहा। गंगा वारियर्स के सुभाष चंद्र ओझा ने बताया कि यह अभियान जुलाई माह के अंत तक चलेगा। इस दौरान पीपल, बरगद, नीम, आंवला, इमली और जामुन के पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक राजेश मिश्रा, शिक्षक महेंद्र सिंह, रीतू देवी, आरती देवी, शिवम, सुधीर और झल्लर केसरवानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जुआ खेलते 5 लोग पकड़े गए

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते समय पुलिस ने दबोचा, नकदी और ताश के पत्ते बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में पुलिस ने जुआ खेलते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। चील्ह थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मलाधरपुर गांव के चिकवा ग्राउंड के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम में उप निरीक्षक कुर्बान अली, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल जुबैर खान, अजय यादव और सूरज चौधरी शामिल थे। पुलिस ने मौके से चंद्रभान, सुनील बिंद, गुड्डू मल्लाह, फिर्दोस और सुनील जायसवाल को गिरफ्तार किया। इनमें से चार आरोपी मझिगवां थाना चील्ह के रहने वाले हैं। सुनील जायसवाल नुरई का भट्ठा लालडिग्गी थाना कोतवाली कटरा का निवासी है। पुलिस ने जुआ स्थल से 5,000 रुपये और आरोपियों की तलाशी से 2,060 रुपये बरामद किए। इसके अलावा ताश के 52 पत्ते भी जब्त किए गए। पुलिस ने मामला को दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पत्नी की मौत के बाद बिना सूचना किया अंतिम संस्कार

### मायके वालों का आरोप- पीट-पीटकर मारा, पुलिस ने 3 के खिलाफ केस दर्ज किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। थाना कटरा क्षेत्र के नगला गांव में रहने वाली रेखा की सोमवार को मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने मायके वालों को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। रेखा की शादी 16 साल पहले नगला गांव निवासी राजीव से हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। मायके पक्ष को जब घटना की जानकारी मिली, तब तक रेखा की चिता जल चुकी थी। मृतका के भाई रामरतन ने आरोप लगाया कि उनकी बहन के साथ दो दिन से ससुराल के लोग मारपीट कर रहे थे। रामरतन ने बताया कि 21 जुलाई को रेखा को पीट-पीटकर मार दिया गया। 22 जुलाई को उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पति राजीव, ओमप्रकाश और रमेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मायके पक्ष के लोग बुधवार को डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर अन्य आरोपियों के नाम एफआईआर में शामिल न करने का आरोप लगाया। कटरा थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर में सिर्फ तीन आरोपियों के नाम थे और मामले की जांच की जा रही है।

# बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग

### विधायक ने ऊर्जा मंत्री को सौंपे 4 पत्र, 62 गांवों के विद्युतीकरण में देरी पर मांगा जवाब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात की। विधायक ने क्षेत्र की विद्युत समस्याओं से जुड़े चार अलग-अलग पत्र मंत्री को सौंपे। विधायक ने बताया कि पूर्व में दिए गए पत्रों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने ट्रांसफार्मर की समस्या को प्रमुखता से उठाया। महीने में तीन-तीन बार बदले जाने वाले ट्रांसफार्मर की सूची भी प्रस्तुत की। साथ ही ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का आग्रह किया। कलान में प्रस्तावित बिजली घर का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। विधायक ने मिजार्पुर, जलालाबाद ग्रामीण और कलान बिजली घरों की क्षमता बढ़ाने की मांग भी रखी। ऊर्जा मंत्री ने ट्रांसफार्मर की समस्या के समाधान के लिए तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए। 62 गांवों में विद्युतीकरण में हो रही देरी पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। मंत्री ने सभी मामलों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि अभिषेक वर्मा ने मीडिया को दी।

# अंत्येष्टि स्थल निर्माण में घटिया सामग्री मिली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, गांव में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किया जा रहा है। गुणवत्ता जांचने के लिए एडीएम ने निरीक्षण किया तो उनको निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होते मिल गया। एडीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने ईट को तोड़कर देखा जो सैकेंड क्वालिटी की निकली। एडीएम ने निर्माण कार्य रुकवाकर अंत्येष्टि स्थल से संबधित दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए हैं। पुवायां तहसील के महुआ पाठक में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण में किसी भी तरह की घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने पर पहले ही चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके ठेकेदार सैकेंड क्वालिटी की ईट और घटिया क्वालिटी की सामग्री इस्तेमाल कर रहे थे। एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने अधिकारियों के साथ अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जब उन्होंने अंत्येष्टि स्थल का बिरीकी से निरीक्षण किया तो तमाम खामियां सामने आईं। एडीएम ने वहां पर रखी ईटो को तोड़कर देखा तो वह सैकेंड क्वालिटी की मिली। जिसे देखकर एडीएम गुस्सा बढ़ गया। उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश दिए हैं। एडीएम ने निर्माण के संबंध एमबी ( मेजरमेंट बुक), स्टीमेट, टीएस ( टेक्निकल स्वीकृति) आदि के साथ तलब किया। अग्रिम आदेशों तक निर्माण कार्य रुकवाने का आदेश दिया। एडीएम ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जनपद में 17 अंत्येष्टि स्थल का निर्माण चल रहा है। जिसके निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही और खराब गुणवत्ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प फिर बोले- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

## दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया; 73 दिन में 25 बार क्रेडिट लिया

**एजेंसी**

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।

दूसरी बार कहा- भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं



रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसी महीने, व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा, ह्वविमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था... 5, 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।ह्व न्यूज एजेंसी एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दावा किया था की ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के हमले में पाकिस्तान के 6 फाइटर जेट, 3 एयरक्राफ्ट और 10 से ज्यादा ड्रोन और क्रूज मिसाइलें तबाह हुई थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 6 से 10 मई के बीच भारत ने पाकिस्तान के पंजाब और पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाब देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने न केवल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम्स ने पाकिस्तान के फाइटर जेट्स को हवा में ही निशाना बनाया।

सुदर्शन मिसाइल सिस्टम के जरिए लगभग 300 किलोमीटर दूर उड़ रहे एक हाई-वैल्यू एयरक्राफ्ट को भी मार गिराया गया था। ये एयरक्राफ्ट या तो इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम से लैस था या एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग कंट्रोल सिस्टम। इसके अलावा, राफेल और सुखोई-30 ने पाकिस्तानी सेफ सेंटर (हैंगर) को निशाना बनाया, जिसमें मेड इन चीन विंग लूंग ड्रोन तबाह हुए। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान के भोलारी एयरबेस पर भी एक स्वीडिश मूल का एईडब्ल्यूसी विमान तबाह हुआ था।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। 7 मई को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। पांच विमानों में 3 राफेल थे।

# नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

## आइईडी ब्लास्ट की प्लानिंग कर रही थी; दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार हुई थी

**एजेंसी**

तेल अवीव, इजराइल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश करने के शक में गिरफ्तार किया है। इजराइली पब्लिक ब्रॉडकास्टर केएएन के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी। केएएन ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी कार्रवाई करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल



की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह महिला ₹जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी₹ है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया, जिससे उसके खिलाफ मामले सार्वजनिक हुए। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस ने बताया कि स्टेट अटॉर्नी ऑफिस और सरकारी वकील को आगे की कार्रवाई और चार्जशीट के लिए जरूरी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब इजराइली पीएम पर हमला हुआ है। पिछले साल अक्टूबर पर नेतन्याहू के सीजेरिया स्थित घर पर फिर से हमला हुआ था। नेतन्याहू के घर की तरफ 2 फ्लेयर्स (आग के गोले) दागे गए, जो घर के आंगन में गिरे थे। हमले के वक्त नेतन्याहू और उनका परिवार परिवार घर पर नहीं थे। इससे पहले भी नेतन्याहू के घर पर हिजबुल्लाह ने हमला किया था। तब एक ड्रोन नेतन्याहू के घर के पास एक इमारत पर गिरा था। उस समय भी नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे।

# भारत न होता तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति नशीद बोले - पीएम मोदी की यात्रा से देश में भारतीय टूरिस्ट बढ़ेंगे

**एजेंसी**

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए नशीद ने बताया कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफॉल्ट) हो गया होता। 2022-23 में पर्यटन ठप होने से मालदीव गहरे आर्थिक संकट में चला गया था। उस पर विदेशी कर्ज बढ़ गया था और डॉलर की भारी कमी थी। भारत ने अनाज-ईंधन सप्लाई और क्रेडिट लाइन देकर मालदीव को डिफॉल्ट होने से बचाया था। नशीद का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के ठीक पहले आया है। पीएम मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को तौर पर शामिल होंगे। एएनआई से बात करते हुए नशीद ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है। नशीद ने माना कि चुनावों के चलते मालदीव की नीति चीन की ओर झुक जाती है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नशीद कहा कि मालदीव की पूरी राजनीति इंडिया फर्स्ट पॉलिसी पर आ गई है। उनके मुताबिक भारत भी मालदीव को महत्व देता है। प्रधानमंत्री



मोदी की यात्रा इस बात का सबूत है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिर्फ संबंधों को मजबूती देने के साथ-साथ विकास के नए रास्ते भी खोलेगी। भारत की आर्थिक वृद्धि की तारीफ करते हुए नशीद ने कहा कि भारत की तरक्की पड़ोसी देशों को भी साथ लेकर चलती है।

उन्होंने कहा कि भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति से मालदीव को भी बड़ी आर्थिक संभावनाएं मिली हैं। इससे भारतीय पर्यटकों की संख्या में तेजी से बढ़ी है। नशीद ने सुझाव दिया कि भारत और मालदीव के बीच एक ट्रेड एग्रीमेंट होना चाहिए। इससे मालदीव, भारत में स्थायी तौर पर ज्यादा मछली बेच पाएगा। नशीद के मुताबिक मालदीव की मछली की भारत में भारी मांग है। अगर दोनों देशों के बीच ट्रेड एग्रीमेंट होता है तो यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि इससे लॉजिस्टिक्स, शिपिंग और सस्टेनेबल मरीन डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ेगा।

नशीद ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से भारतीय पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय मदद से बन रहा हनीमाडू एयरपोर्ट अब लगभग तैयार है और यह दक्षिण भारत के कई शहरों से महज एक घंटे की दूरी पर होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

## गालियां दीं, बेहोश होने तक पीटा; पत्नी के साथ घूमने निकला था

**एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द ऑस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। चरणप्रीत ने कहा- जब ऐसी घटनाएं होती हैं, तो वापस अपने देश लौट जाने का मन करता है। आप अपने



शरीर में कुछ भी बदल सकते हैं, लेकिन रंग नहीं बदल सकते। फिलहाल मामले में ऋकफ दर्ज की गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस हमले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पांच लोग चरणप्रीत के चेहरे और पेट पर पर मुक्के और लातों से हमला करते हुए दिख रहे हैं, जबकि उनकी पत्नी उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी। हमलावरों के हाथ में नुकीली चीजें भी थीं। हमला करने के बाद आरोपी अपनी कार में बैठकर चले गए और चरणप्रीत को बेहोश हालत में छोड़ दिया। चरणप्रीत को सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। उन्हें रॉयल एडिलेड अस्पताल ले जाया, जहां रात भर उनका इलाज हुआ। पुलिस ने बताया कि एक 20 साल के व्यक्ति को एनफील्ड से गिरफ्तार किया गया है और उस पर हमले का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए जनता से मदद मांगी है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने 'द इंडियन सन' को बताया- जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पीड़ित जमीन पर बेहोश पड़ा था। उसे अस्पताल ले जाया गया। मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस हमले से एडिलेड के भारतीय समुदाय में गुस्सा है और अंतरराष्ट्रीय छात्रों और आप्रवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। चरणप्रीत के समर्थन में कई लोग ऑनलाइन सामने आए हैं और नस्लीय हिंसा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# बम-बम भोले की गूंज के साथ कांवड़ यात्रा समाप्त, 15 दिनों में 4.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे हरिद्वार



**लाखों श्रद्धालु सावन शिवरात्रि पर पवित्र नदी का जल लेने और शहर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए गंगा तट पर उमड़ पड़े। मेला नियंत्रण कक्ष के सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा जल लेने के लिए एक पखवाड़े के भीतर 4.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे।**

**एजेंसी**

उत्तराखंड का हरिद्वार बुधवार को 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। पखवाड़े भर चली कांवड़ यात्रा का समापन हो गया। लाखों श्रद्धालु सावन शिवरात्रि पर पवित्र नदी का जल लेने और शहर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए गंगा तट पर उमड़ पड़े। मेला नियंत्रण कक्ष के सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा जल लेने के लिए एक पखवाड़े के भीतर 4.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। कनखल क्षेत्र में स्थित दक्षप्रजापति महादेव मंदिर परिसर में भगवाधारी भक्तों का तांता लगा रहा, जिसे भगवान शिव का ससुराल माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अपने ससुर राजा दक्ष को दिए वचन का पालन करते हुए, भगवान शिव पूरे श्रावण मास कनखल में निवास करते हैं। कनखल के अन्य शिवालयों, जैसे दरिद्र भंजन, तिलभांडेश्वर, बिल्वेश्वर, नीलेश्वर और गौरीशंकर मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमोद डोभाल ने भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ हर की पौड़ी पर गंगा पूजा की। उन्होंने वहाँ से जल लेकर दक्ष मंदिर में जलाभिषेक किया और हर साल करोड़ों श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित कांवड़ मेले के निर्विघ्न समापन के लिए भगवान शिव का आभार व्यक्त किया। सावन शिवरात्रि पर शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। वाराणसी में, काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने कहा, ह्वआज सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जा रही है।ह्व पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए विशेष निगरानी की जा रही है। इस बीच, संभल में करीब 46 साल बाद खोले गए प्राचीन कार्तिकेय महादेव मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

# दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूल में घुटनों तक पानी भरा

## झारखंड-बिहार में बिजली गिरने से 7 की मौत; जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड से 2 की जान गई

**जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लगातार 3 दिनों से भारी बारिश**

**जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कालाकोट में लगातार तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। इसके कारण जगह-जगह लैंडस्लाइड, मकान क्षतिग्रस्त और सड़कें बंद हो गई हैं। भारी बारिश के कारण सभी सरकारी और निजी स्कूल दो दिन से बंद हैं।**




**एजेंसी**

नई दिल्ली , दिल्ली- में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई। गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। कटऊ ने दिल्ली और आज दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई है।दूसरी तरफ, झारखंड में बिजली गिरने से चार महिलाओं और बिहार में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाएं झुलस गईं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक, प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। अगले 48 घंटे में बारिश का अनुमान नहीं है।जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में हुए लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत हो गई। मंगलवार-बुधवार की रात बदोरा पहाड़ी क्षेत्र में लैंडस्लाइड के समय दोनों तंबू में सो रहे थे। मौसम विभाग ने उधमपुर में अगले 72 घंटों तक रुक-रुककर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान लगाया है।मौसम विभाग ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, असम, मेघालय में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में 26 जुलाई तक कम बारिश होने का अनुमान है। इसके बाद बारिश का नया दौर शुरू हो सकता है। राजौरी जिले में भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड हुई। अधिकारियों ने लोगों की मदद के लिए कंट्रोल रूम बनाए हैं। लोगों को घर के अंदर रहने और लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

### हिमाचल प्रदेश में 385 सड़कें बंद, कई जगहों पर लैंडस्लाइड

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के बाद दो नेशनल हाईवे सहित कुल 385 सड़कें बंद कर दी गई हैं। बंद होने वाली 385 सड़कों में से 252 सड़कें मंडी में हैं।

# जगदीप धनखड़ जल्द खाली करेंगे उपराष्ट्रपति भवन, इस्तीफे के तुरंत बाद पैक किया सामान, नेताओं से भी दूरी

**धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालाँकि, कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके इस्तीफे के पीछे असली कारण उनके द्वारा बताई गई स्वास्थ्य समस्याओं से कहीं अधिक गंभीर हैं।**



**एजेंसी**

जगदीप धनखड़ जल्द ही उपराष्ट्रपति आवास खाली करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति ने अपने इस्तीफे की रात से ही सामान पैक करना शुरू कर दिया था, हालाँकि उनका इस्तीफा आधिकारिक तौर पर कल ही स्वीकार किया गया था। सूत्रों ने यह भी बताया कि कई विपक्षी दलों के नेताओं ने जगदीप धनखड़ से मिलने के लिए समय माँगा था, लेकिन वह इन अनुरोधों को पूरा नहीं कर पाए। गौरतलब है कि शिवसेना नेता संजय राउत और शरद पवार ने भी कल धनखड़ से मिलने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्हें समय नहीं मिल पाया। 74 वर्षीय धनखड़ ने अगस्त 2022 में पदभार ग्रहण किया था और 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। धनखड़ पिछले साल अप्रैल में संसद भवन परिसर के पास, चर्च रोड पर नवनिर्मित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रहने चले गए थे। यह उपराष्ट्रपति एन्क्लेव, जिसमें उपराष्ट्रपति का निवास और कार्यालय दोनों हैं

# कम से कम संसद तो चलने दें, सरकार चर्चा के लिए तैयार...

## विपक्ष के हंगामे पर बोले चिराग पासवान

**केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह मेरी समझ से परे है कि जब सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, तो कम से कम संसद तो चलने दें, सवाल पूछें, और हम चर्चा के लिए तैयार हैं। यह विपक्ष की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है; वे हमेशा ऐसे मुद्दों को उठाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं।**

**एजेंसी**

संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के लगातार हंगामे के बीच बुधवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह उनकी समझ से परे है कि विपक्षी दल विधायी कार्य क्यों नहीं होने दे रहे हैं, जबकि केंद्र किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह मेरी समझ से परे है कि जब सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, तो कम से कम संसद तो चलने दें, सवाल पूछें, और हम चर्चा के लिए तैयार हैं। यह विपक्ष की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है; वे हमेशा ऐसे मुद्दों को उठाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री पासवान ने विपक्ष पर पाखंडी होने और झूठी जानकारी देकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पासवान ने राहुल गांधी पर भी पाखंडी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में मतदाता सूची में विसंगतियों के बारे में पहले भी आरोप लगाए गए थे, लेकिन कांग्रेस नेता चुनावी बिहार में एसआईआर का



विरोध कर रहे हैं, जिससे मतदाता सूची में किसी भी समस्या का समाधान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, ₹राहुल गांधी ने कांग्रेस के माध्यम से कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों में डुप्लिकेट वोटों का मुद्दा उठाया था। लेकिन अब जब आपने शिकायत की है, तो हम इसे कैसे ठीक करेंगे? इसे केवल एसआईआर के माध्यम से ही ठीक किया जा सकता है, इसलिए जब हम इसे लागू करते हैं, तो आपको इससे भी समस्या है।₹ लोगों को गुमराह करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही काम करने का एक पैटर्न है, उन्होंने सीएए-एनआरसी विरोध प्रदर्शनों के दौरान केंद्र पर संविधान को नष्ट करने के दलों के आरोपों का हवाला दिया। मानसून सत्र के तीसरे दिन विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे और विरोध के बीच, लोकसभा और राज्यसभा को 24 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। दोनों सदन गुरुवार को सुबह 11 बजे फिर से मिलेंगे।

## संक्षेप

### सुल्तानपुर में याद किए गए शहीद चंद्रशेखर आजाद

**35 पदाधिकारियों ने किया रक्तदान, निकाली प्रभात फेरी, माल्यार्पण कर जयंती मनाया**

सुलतानपुर, आजाद समाज सेवा समिति ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर बुधवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यकताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद सहित नगर में स्थित सभी शहीदों की प्रतिमाओं पर देशभक्ति के नारों के साथ माल्यार्पण किया। मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में संस्था के 35 पदाधिकारियों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जनपद के सर्जन डॉ. एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके मिश्रा, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुपर्णा दुबे, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संजय सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. एके सिंह और डॉ. आरके मिश्रा ने रक्तदान को पुनीत कार्य बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से दूसरों की जिंदगी बचाई जा सकती है। साथ ही रक्तदाता में भी रक्त बनाने की क्षमता बढ़ती है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने बाद रक्तदान कर सकता है।

### शराब के लिए नहीं दिए 500 रुपए

**दो युवकों ने पीट-पीटकर मार डाला; परिवार की 10 मांगों पर प्रशासन सहमत, हुआ अंतिम संस्कार**

सुलतानपुर, लंभुआ में शराब के लिए 500 रुपए नहीं देने पर गरये गांव के दो युवकों ने 24 वर्षीय रचेंद्र को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को रखकर प्रशासन के सामने 10 मांगें रखीं। नायब तहसीलदार लंभुआ ने बुधवार को परिवार की मांगों को स्वीकार किया। इन मांगों में अपराधियों को कड़ी सजा, मृतक की पत्नी सपना चौहान के नाम जमीन और आवास पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शामिल हैं। साथ ही परिवार के किसी सदस्य को शस्त्र लाइसेंस और घर तक पहुंच मार्ग की मांग की गई। परिवार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और मृतक की बेटी की निःशुल्क शिक्षा की मांग भी रखी।

### बिजली विभाग से परेशान किसानों का धरना

**सरकारी कॉलोनियों में 24 घंटे बिजली, किसानों के खेतों में लो-वोल्टेज से नलकूप बंद**

सुलतानपुर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लोग शहर के तिकोनिया पार्क में बुधवार को जमा हुए। यहां किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हुई। मंडल अध्यक्ष ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों और कॉलोनियों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। किसान-मजदूर बहुल क्षेत्रों और खेती वाले इलाकों में बिजली की स्थिति चिंताजनक है। यहां या तो बिजली मिलती नहीं है

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव

## अध्यक्ष समेत 28 पदों के लिए हुआ मतदान, 200 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए आज मतदान हुआ। न्यू अधिवक्ता चैंबर्स बिल्डिंग के भूतल स्थित पार्किंग में मतदान सुबह 9:30 बजे शुरू किया गया। यह पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव सकुशल संपन्न, बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 8337 वोट पड़े, अध्यक्ष और महासचिव समेत 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए हुआ चुनाव। मुख्य चुनाव अधिकारी राधाकांत ओझा ने जानकारी दी कि इस बार अध्यक्ष, महासचिव सहित कई पदों के लिए कुल 200 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। कुल 9719 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए कुल 18 मतदान बूथ बनाए गए हैं, जिनमें महिला और बुजुर्ग अधिवक्ताओं के लिए अलग बूथ की व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष पद पर 11, महासचिव पद पर 8 और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 9 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए 14, उपाध्यक्ष पद पर 42, संयुक्त सचिव (प्रशासन) हेतु 13, संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) के लिए 7, संयुक्त सचिव (प्रेस) पद हेतु 13, संयुक्त सचिव (महिला) के लिए 5 और कार्यकारिणी सदस्य के 15 पदों के लिए कुल 78 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन का वैध आईडी कार्ड दिखाना अनिवार्य है और वे केवल वकील ड्रेस में ही मतदान कर सकते हैं। अधिवक्ता सुबह से ही लाइन में लगकर वोट डालने पहुंचे थे। मतदान प्रक्रिया के दौरान हाईकोर्ट की अदालतों में सुनवाई भी जारी है। इस स्थिति को देखते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी राधाकांत ओझा ने मुख्य न्यायाधीश से 'नो एडवर्स ऑर्डर' का अनुरोध किया है, जिससे मतदान में व्यस्त अधिवक्ताओं को किसी केस में नुकसान न हो। मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा। इसके बाद मतपेटियों को स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जाएगा। गुरुवार को कोई प्रक्रिया नहीं होगी। शुक्रवार से मतगणना शुरू की जाएगी। शुरूआत में एकल पदों (अध्यक्ष, महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि) की गिनती की जाएगी, इसके बाद गवर्निंग काउंसिल सदस्यों के लिए मतगणना होगी।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर विशेष प्रदर्शनी

## प्रयागराज में ऐतिहासिक दस्तावेज और क्रांतिकारियों की यादें प्रदर्शित, बच्चों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर क्षेत्रीय अभिलेखागार और संस्कृति विभाग ने विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री दयाशंकर मिश्र ने आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज प्रदर्शित किए गए। इनमें चंद्रशेखर आजाद का हस्तलिखित पत्र और काकोरी कांड से जुड़े दस्तावेज शामिल थे। साथ ही सचिंद्रनाथ सान्याल, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां से संबंधित अभिलेख भी रखे गए। कार्यक्रम में एनी बेसेंट स्कूल और जागत तारन स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। श्री ज्ञानचंद्र के निर्देशन में चंद्रशेखर आजाद पर आधारित नाटक का मंचन भी हुआ। शहीदे आजम भगत सिंह स्मारक समिति ने शहीदों की वीरगाथा सुनाई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अभिलेखागार के अधिकारी, पूर्व मंत्री, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। युवा पीढ़ी को इस प्रदर्शनी के माध्यम से आजादी के संघर्ष से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की जानकारी मिली।

# पशु टीकाकरण अभियान शुरू

**45 दिन में 4.95 लाख पशुओं को खुरपका-मुंहपका का टीका लगेगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का छठा चरण शुरू हो गया है। डीएम संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से टीकाकरण टीमों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला के अनुसार, यह अभियान 23 जुलाई से 5 सितंबर 2025 तक चलेगा। जनपद के 13 विकास खंडों में पशुपालन विभाग की 58 टीमें काम करेंगी। टीमें करीब 4,95,182 पशुओं को मुफ्त टीका लगाएंगी। खुरपका-मुंहपका एक संक्रामक रोग है। यह पशुओं की उत्पादकता को काफी प्रभावित करता है। इस बीमारी से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी है। अभियान के दौरान हर पशु के कान में टैग लगाया जाएगा। जिले के सभी गो-आश्रय स्थलों में रखे गए पशुओं का भी पूरा टीकाकरण होगा। इसकी जानकारी गो-आश्रय पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। भारत सरकार द्वारा चुने गए गांवों में टीकाकरण से पहले पशुओं के रक्त के नमूने लिए गए हैं। टीकाकरण के बाद फिर से नमूने लेकर टीके की प्रभावशीलता की जांच की जाएगी।

# परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, 5 पर एफआईआर

## भतीजे को चाकू से गोदकर मार डाला था, उधार पैसे वापस मांगने पर विवाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कुड़वार थाना क्षेत्र में उधार के पैसों को लेकर एक चाचा ने अपने भतीजे की हत्या कर दी। मंगलवार रात करीब 9 बजे की घटना में एक अन्य भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। कटावां गांव निवासी अजय निषाद ने एक साल पहले अपने चचेरे भाई आलोक को 29 हजार रुपये उधार दिए थे। मंगलवार रात अजय पैसे मांगने चाचा फागूलाल के घर गया। इस पर फागूलाल और उनके चार साथियों ने अजय पर हमला कर दिया। शोर सुनकर अजय के भाई संजय और विजय बचाने पहुंचे। आरोपियों ने लाठी, डंडा, चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल संजय और विजय को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने 24 वर्षीय संजय को मृत घोषित कर दिया। विजय की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने अजय की शिकायत पर चाचा फागूलाल, चचेरे भाई बलदेव, सूरज, सोहनलाल और भाटे उर्फ सुखलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक संजय अविवाहित था और परिवार में सबसे छोटा था। घायल विजय मजदूरी करता है। उसकी शादी 2018 में हुई थी और उसके तीन बेटे और एक बेटी हैं। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया।

# स्मैक तस्कर गिरफ्तार



**पुलिस ने 20 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा, चोरी के 4 मामलों में भी है आरोपी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुंशीगंज पुलिस ने आरोपी के पास से 20 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान महेश प्रताप सिंह के रूप में हुई है। वह गौरीगंज थाना क्षेत्र के नेमुआ वार्ड नंबर 14 का रहने वाला है। उसकी उम्र 39 वर्ष है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच में पता चला है कि महेश प्रताप का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है। उस पर चोरी के तीन और नशीली पदार्थों की तस्करी का एक मामला दर्ज है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक बिपिन बिहारी, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह और कांस्टेबल भोला मौर्य की टीम शामिल थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

## अमेठी में हादसा, पेट्रोल पंप पर काम करता था, हेलमेट नहीं पहनने से गई जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। निजामुद्दीनपुर गांव के पास जाखा मोड़ पर एक बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अजीत यादव (30) के रूप में हुई है।

वह सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव का रहने वाला था। अजीत जामों में रामसपुर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर सड़क मोड़ पर है। यहां बाइक चालक का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना हुई। तेज रफ्तार के कारण बाइक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अजीत का पैर बाइक में फंस गया और सिर में गंभीर चोट लगी। घटनास्थल पर खून के निशान और उल्टी के धब्बे मिले हैं। दुर्घटना के समय अजीत ने हेलमेट नहीं पहना था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर से नाराज होकर निकली दो किशोरियां बरामद

## लखनऊ से दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में हुई थी सवार, बहनोई की सूचना पर अलीगढ़ में आरपीएफ ने उतारा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, घर से नाराज होकर दिल्ली जा रही दो नाबालिग किशोरियों को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बरामद कर लिया गया। दोनों किशोरियां अपने परिवार से नाराज हो गई थी और नीनांचल एक्सप्रेस में सवार होकर लखनऊ से दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में सवार हो गई थी। परिवार के लोगों ने रेलवे हेल्पलाइन को दी थी। मुख्यालय से सूचना आने के बाद अलीगढ़ में रेलवे सुरक्षा बल की टीमें एलर्ट हो गई। जैसे ही ट्रेन अलीगढ़ जंक्शन पर रुकी, आरपीएफ की टीमों ने जनरल डिब्बों में जांच शुरू की। जिसके बाद दोनों किशोरियों को रेलवे स्टेशन पर उतार लिया गया। किशोरियों के घर से निकलने के बाद उनके बहनोई रोशन पुत्र इकराम निवासी तिलयानी बकरी जिला झांसी ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दी थी। जिसके बाद दोनों किशोरियों को आरपीएफ के एएसआई नरेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल रेनू ने ट्रेन से उतारा। पूछताछ करने पर किशोरियों ने अपना नाम सना पुत्र अब्दुल रज्जाक उम्र 16 वर्ष और समरीन पुत्री रईस उम्र 15 वर्ष बताया। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग उनकी बात नहीं मानते थे, इसलिए दोनों ने अकेले दिल्ली जाने का मन मना लिया था। लखनऊ से वह टिकट लेकर दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई थी। जिसके बाद उन्हें चाइल्डलाइन के सुपुर्द कर दिया गया। किशोरियों के बरामद होने के बाद पुलिस ने सूचना देने वाले नंबर पर संपर्क किया और किशोरियों के बहनोई को बुलाया। जिसके बाद रोशन पुत्र इकराम और उसकी पत्नी मरीफा शेख अलीगढ़ जंक्शन पहुंचे। पुलिस ने दोनों से पूछताछ करने के बाद किशोरियों से उनकी पहचान कराई। जिसके बाद किशोरियों ने बताया कि वह उनके बहन और बहनोई हैं। जिसके बाद पुलिस ने दोनों किशोरियों को उनके बहन और बहनोई के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही उनकी काउंसलिंग भी की गई है कि वह दुबारा भविष्य में इस तरह के काम न करें। अगर परिजनों से कोई शिकायत है तो उनसे बात करके समस्या का समाधान निकालें।

# कांवड़ यात्रा के भंडारे में हादसा

## मथुरा में जर्जर छज्जा गिरने से हलवाई की मौत, पुआ बनाने की कर रहे थे तैयारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा,महावन तहसील के गांव हयातपुर में बारिश के चलते कांवड़ यात्रा के भंडारे के दौरान एक दुखद घटना सामने आई। देव लाल के बंद पड़े मकान पर खाना बनाने की तैयारी कर रहे हलवाई रमेश बघेल पर अचानक छज्जा गिर गया। जानकारी के अनुसार गाँव में एक मकान काफी समय से बंद होने के कारण मकान जर्जर हो गया था उसिवमे कावड़ लेकर आये कुछ युवकों के द्वारा सामुहिक भंडारा का आयोजन कर रहे थे । इसी दौरान मकान का छज्जा गिर गया और छज्जे के नीचे काम कर रहे हलवाई घायल हो गए। घटना में गंभीर रूप से घायल 54 वर्षीय रमेश को ग्रामीणों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रमेश कारब गांव के रहने वाले थे और कालीचरन के पुत्र थे। स्थानीय निवासी मुन्ना लाल दिवाकर के अनुसार, कांवड़ यात्रा से लौटे कुछ युवकों ने भंडारे का आयोजन किया था। इसी दौरान जर्जर छज्जे के गिरने से यह हादसा हुआ। रमेश भंडारे के लिए पुआ बनाने की तैयारी कर रहे थे।

# शिवलिंग की पेंटिंग के पास की आपत्तिजनक हरकत

## कांग्रेस नेता ने करवाया ब्लैक पेंट, कुंभ के दौरान कई धार्मिक चित्र बनवाए थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, शहर के पयागीपुर ओवरब्रिज पर धार्मिक प्रतीकों के साथ अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। नगर पालिका ने ओवरब्रिज की दीवार पर भगवान शिव और शिवलिंग की पेंटिंग करवाई थी। स्थानीय लोगों ने देखा कि कुछ व्यक्ति शिवलिंग के चित्र के पास आपत्तिजनक हरकत कर रहे थे। यह घटना दिन और रात दोनों समय में देखी गई। इस पर कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ने कार्रवाई करते हुए शिवलिंग के चित्र को काले रंग से पेंट करवा दिया। वरुण मिश्र ने बताया कि नगर पालिका ने कुंभ के दौरान कई धार्मिक चित्र बनवाए थे।

# पेट दर्द की मरीज की मौत

## मेडिकल स्टोर की दवा खिलाने के बाद बिगड़ी हालत, सीएमओ ने जांच के लिए टीम बनाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पेट दर्द की शिकायत के बाद मेडिकल स्टोर से लाई दवा खिलाने के कुछ घंटे बाद युवती की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल स्टोर के डॉक्टर पर गलत दवा देने का आरोप लगाया है। मामला बढ़ने के बाद सीएमओ ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मृतका के परिजनों से मुलाकात की। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के महोना पश्चिम स्थित कुड़वा मजार गांव का है। यहां के रहने वाले राम भवन गौतम की 26 वर्षीय बेटी मनीषा गौतम का पिछले चार सालों से इलाज चल रहा था। 21 जुलाई की सुबह अचानक उसके पेट में दर्द शुरू हो गया, जिसके बाद परिजन केजीएन मेडिकल सेंटर से दवा लेकर आये दवा खिलाने के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक डॉक्टर सलमान खुर्शीद पर गलत दवा देने का आरोप लगाया। युवती की मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी